www.anokhateer.com anokhateer@gmail.com पंजीयन क्रमांक–एमपीएचआईएन 69306/1998

दैनिक
# अनोखा तीर
हरदा एवं नर्मदापुरम् से एक साथ प्रकाशित
निशाने पर हर खबर

13 मई 2024
हरदा, सोमवार
वर्ष-13, अंक - 332, पृष्ठ-8
मूल्य- 2 रुपए
वैशाख शुक्ल 5
विक्रम संवत् 2081

## छिंदवाड़ा में तेज बारिश, शिवपुरी में ओले गिरे

### म.प्र. में आंधी–बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव; तीन दिन ऐसा ही मौसम

**भोपाल (नप्र)।** मध्यप्रदेश में ओले, बारिश और आंधी का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हो गया है। रविवार को छिंदवाड़ा में दोपहर 1 बजे के बाद से तेज हवा के साथ रुक-रुक कर बारिश हुई। शिवपुरी के कोलारस में तेज बारिश के साथ ओले गिरे। देवास और मंदसौर में भी पानी गिरा। कहीं-कहीं ओलावृष्टि हुई।



मस्तिष्क एवं मनोरोग विशेषज्ञ
कल मंगलवार 14 मई
को हरदा में उपलब्ध रहेंगे
समय :-प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक

डॉ. संतोष सोमसुन्दरन
M.B.B.S., D.P.M (FAGE)
(मानसिक रोग, सिरदर्द और मिर्गी रोग विशेषज्ञ )

- अवसाद (Depression)
- मनोरोग संबंधी (Anxiety)
- सायकोसिस (Psychosis)
- सिरदर्द (Headache)
- नींद संबंधी समस्याएं (Sleep Disorder)
- बच्चों में मानसिक समस्याएं (Behavior Problem in Child)
- शारीरिक बीमारी (Somatoform Disorder)
- नशामुक्ति (De-addiction)

स्थानः करताना वाला चेम्बर, विजय केमिस्ट के ऊपर मेन रोड, हरदा Ph. 07577-222179, Mob. 7089022179

## चौथे चरण में 8 लोकसभा क्षेत्रों में आज मतदान

### 3080 मतदान केंद्र संवेदनशील

- **इंदौर में सबसे ज्यादा 25 लाख वोटर, उज्जैन में सबसे कम**

**भोपाल/इंदौर/उज्जैन (नप्र)।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में आज 13 मई को मध्य प्रदेश के 8 संसदीय क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे। प्रदेश में आम चुनाव का यह अंतिम चरण है। 8 सीटों पर 74 उम्मीदवार मैदान में हैं। कुल 1 करोड़ 63 लाख 70 हजार 654 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। 3080 मतदान केंद्र संवेदनशील और 53 केंद्र अति संवेदनशील हैं।

प्रदेश में आम चुनाव के चौथे चरण में इंदौर, खरगोन, देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार और खंडवा में मतदान होगा। इसमें सीएम मोहन यादव का ग्रह जिला उज्जैन भी शामिल हैं, जहां मतदान होना है। इंदौर क्षेत्र में सबसे ज्यादा 25 लाख 26 हजार 803 वोटर हैं। उज्जैन में सबसे कम 17 लाख 98 हजार 704 वोटर हैं। थर्ड जेंडर के वोटर्स की बात करें तो इन आठों लोकसभा क्षेत्रों में सबसे ज्यादा 97 थर्ड जेंडर मतदाता इंदौर में हैं। दूसरे नंबर पर उज्जैन में 78 थर्ड जेंडर वोटर हैं।



### 3080 मतदान केंद्र अति संवेदनशील

मप्र के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने चौथे चरण के मतदान की तैयारियों पर जानकारी देते हुए बताया चौथे चरण में 8 लोकसभा क्षेत्रों में 18007 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। 2001 मतदान केन्द्र महिला कर्मचारी संचालित करेंगी। वहीं 946 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं। 66 मतदान केंद्र दिव्यांगों द्वारा संचालित किए जाएंगे। 3080 मतदान केंद्र अति संवेदनशील के तौर पर चिह्नित किए गए हैं। 53 केंद्र को अति संवेदनशील हैं। 130 लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। संवेदन शील और अति संवेदन शील मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इतंजाम किए गए हैं।





भारतीय जनता पार्टी, प्रदेश कार्यालय में रविवार को चुनाव प्रबंधन की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश लोकसभा चुनाव प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, सह प्रभारी सतीश उपाध्याय एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने मार्गदर्शन दिया। बैठक का संचालन चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक हेमंत खण्डेलवाल ने किया। मंच पर पार्टी के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन उपस्थित रहे। बैठक के दौरान चुनाव प्रबंधन की विभिन्न टोलियों के सदस्यगण उपस्थित रहे।

सीएम यादव बोले

## नोटा कोई चुनाव चिन्ह नहीं आक्रोश जताने का ऑप्शन है

**भोपाल (नप्र)।** चौथे चरण के मतदान के एक दिन पहले सीएम डॉ. मोहन यादव ने रविवार को राज्यपाल मंगू भाई पटेल से मुलाकात की। सीएम और राज्यपाल के बीच करीब 15 मिनट तक चर्चा हुई। गवर्नर से मुलाकात के बाद सीएम डॉ. मोहन यादव ने मीडिया से चर्चा में गर्मी के मौसम में पेयजल, गेहूं खरीदी और लॉ एंड ऑर्डर के मुद्दों पर चर्चा हुई है।

**सीएम बोले-नोटा आक्रोश व्यक्त करने का तरीका-** इंदौर में कांग्रेस द्वारा नोट पर वोट देने की अपील करने पर सीएम ने कहा- नोटा कोई चुनाव चिन्ह नहीं है। कांग्रेस ने पहले अपना प्रत्याशी खोया। फिर अपनी बुद्धि खो रही है। उन्हें शर्म आनी चाहिए नोटा के ऊपर कोई वोट डलता है क्या? नोटा कोई चुनाव चिन्ह नहीं है। नोटा ऑप्शन है अपना आक्रोश व्यक्त करने का। इसका मतलब ये है कि यदि कांग्रेस हारती है तो वह निर्वाचन के खिलाफ जाती है। यह



कांग्रेस को सोचना चाहिए कि वो क्या कह रहे हैं। कांग्रेस को अपने अंतर्मन में झांकना चाहिए कि उनका संगठन कहां-कहां फेल हो रहा है। आने वाले चुनाव में फिर मजबूती से लड़ें। वे यदि नोट की बात कर रहे हैं तो यह पराजय की लड़ाई है।

## मुख्यमंत्री ने चौकसे नगर पहुंचकर सलकनपुर सड़क हादसे में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की

### मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने और घायलों के समुचित इलाज कराने के दिए निर्देश

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को डीआईजी बंगला स्थित चौकसे नगर पहुंचकर सलकनपुर के पास हुए सड़क हादसे में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिवारजनों को सांत्वना दी एवं दुर्घटना में घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने और घायलों का समुचित इलाज कराने के जिला प्रशासन



को निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने मृतकों के निवास पर भरत पाण्डे, भारत पांडे, भूषण पाण्डेय, मोहित पांडे सहित परिवार के अन्य सदस्यों से भेंट कर घटना की जानकारी प्राप्त की।



# खरगोन जिले के 1548 केन्द्रों पर आज होगा मतदान

### पीजी कॉलेज से किया मतदान सामग्री का वितरण








**अनोखा तीर,खरगोन।** लोकसभा निर्वाचन -2024 के तहत आज होने वाले मतदान के लिए रविवार को पीजी कालेज से जिले के सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों के निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दल सामग्री लेकर रवाना हुए और दोपहर तक सभी मतदान दल अपने केन्द्रों पर पहुंच गए हैं। सामग्री वितरण कार्य कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कर्मवीर शर्मा की देखरेख में संबंधित विधानसभा के सहायक रिटर्निंग आफिसरों द्वारा कराया गया। मतदान सामग्री का मिलान करने के बाद मतदान दलों को रवाना किया गया।

**मतदान केन्द्र वार लगाए गए टेबल –** मतदान सामग्री वितरण स्थल में सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों की मतदान सामग्री वितरण की व्यवस्था की गई थी। मतदान दलों को सामग्री मतदान केन्द्र वार लगाए गए टेबल पर ही उपलब्ध करवाई गई। मतदान दलों ने जिला प्रशासन की सुगम व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। मतदान दलों को वीवीपेट, बैलेट यूनिट और कंट्रोल यूनिट भी उनके टेबल पर ही पहुंचाई गई जिससे उन्हें किसी भी तरह की परेशानी नहीं हुई। लगभग 8.30 बजे से मतदान दलों और सुरक्षा बलों को लेकर वाहनों का मतदान केन्द्रों के लिए रवाना होना प्रारंभ हो गया था।



**348 क्रिटिकल मतदान केन्द्र चिन्हित –** 1548 मतदान दल अपने मतदान केन्द्रों के लिए मतदान सामग्री लेकर रवाना हुए। जिले के कुल 1548 मतदान केन्द्रों में से 348 मतदान केन्द्र क्रिटिकल मतदान केन्द्र के रूप में चिन्हित किए गए है। 65 मतदान केन्द्रों को आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है। 83 मतदान केन्द्र हैं, जिनमें मतदान दल की सभी सदस्य महिलाएं हैं। 1200 से अधिक मतदाता वाले 288 मतदान केन्द्रों पर मतदान दल में एक अतिरिक्त मतदान अधिकारी दिया गया है।

**मतदान केन्द्र पहुंचने पर दलों का हुआ स्वागत –** रविवार को मतदान दल जब मतदान कराने के लिए अपने निर्धारित मतदान केन्द्र पर पहुंचे तो उनका फूलमाला एवं हार पहनाकर स्वागत किया गया। कुछ मतदान केन्द्रों पर मतदान दल का स्वागत ढोल-तासों के साथ किया गया। मतदान केन्द्रों पर मतदान दल के रूकने की अच्छी व्यवस्था की गई और गर्मियों के दिनों को देखते हुए पंखे, कूलर, बेड एवं ठंडे पानी का इंतजाम किया गया। मतदान दलों के लिए मतदान केन्द्र पर स्वयं सहायता समूहों द्वारा भोजन भी उपलब्ध कराया गया।

**कलेक्टर एवं एसपी ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण –** मतदान दल मतदान सामग्री लेकर अपने निर्धारित केन्द्र पहुंचे, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कर्मवीर शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा ने दोपहर में मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा और मतदान दल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग, दिव्यांग मतदाता बिना लाइन में लगे डाल सकेंगें वोट –** मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर एवं ट्रायसिकल की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा बुजुर्ग मतदाताओं और गर्भवती महिला मतदाताओं के लिए भी विशेष व्यवस्थायें की गई हैं। दिव्यांग, बुजुर्ग एवं गर्भवती महिला मतदाता बिना लाइन में लगे सीधे मतदान कर सकेंगे।

## न्यूज ट्रेक

### मूंगफली और चिंरोजी से किया 51 हजार गायत्री मंत्र का जाप

**अनोखा तीर, खंडवा।** गायत्री परिवार खंडवा एवं सेवा संस्थान परोपकार, जन कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में 51 हजार गायत्री मंत्र जाप मंदिर में किए गए। सुबह 11.30 बजे मां गायत्री का आह्वान कर पूजन पश्चात गायत्री मंत्र का अखण्ड जाप मूंगफली, चिंरोजी दाने से प्रारम्भ किया गया। इसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने जाप किया। शाम 6 बजे जाप पूर्ण हुआ।



तत्पश्चात दीप यज्ञ और माँ गायत्री की आरती शाम 7 बजे की गई। गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी देवा भावसार ने बताया कि मां गायत्री की कृपा से मोहन शर्मा धरड ने इस मंत्र जाप में सहयोग किया। शाम आरती पश्चात सभी ने भोजन प्रसादी ग्रहण कर मां गायत्री, सजल श्रद्धा, प्रखर प्रज्ञा पर माथा टेक कर आशीर्वाद लिया। इस पुनीत कार्य में राजेश गुरु, योगेंद्र राय, बलराज यादव, सोनटक्के, सुरेश शाह, शिवदत्त मोर्य, वीरेंद्र जागिड, शालिकराम, विजय भटनागर, संजय महाजन, अरुणा शर्मा, उमा सोलंकी, अंजू शर्मा, सुधा राय, माया शर्मा, ममता वर्मा, ट्रस्टी आनंदीलाल सोनी, राम, राजेंद्र बिल्लोरे, अनिल यादव, देवा भावसार, दीपक खेडेकर, उमेश चौधरी, भास्कर प्रधान, बिंदेश्वर कौशल, तिरोले सहित समस्त गायत्री महिला मंडल उपस्थित रही और अपनी सेवाएं दी।

### भीषण गर्मी में घंटों लाइन में लग भक्त कर रहे भगवान के दर्शन

**अनोखा तीर, ओंकारेश्वर।** इन दिनों निमाड़ आग की भट्ठी की तरह तप रहा है। ऐसे में ओंकारेश्वर में भगवान ओंकार महाराज के दर्शन करने पहुंच रहे भक्त गर्मी से बेहाल होकर घंटो लाइन में लग दर्शन कर रहे हैं। लाइन में लगे भक्त गर्मी से बचने के लिए कपड़े से या पुस्टे के टुकड़ों से हवा करते नजर आ रहे हैं। विगत दो दिन से ओम्कारेश्वर में भक्तों की संख्या काफी अधिक रही। दो दिन में करीब दो लाख भक्तो ने ज्योतिर्लिंग ओम्कारेश्वर एवं ममलेश्वर के दर्शन किए। भयंकर तपन के बावजूद गर्मी में बेहाल श्रद्धालु भक्त लाइन में लग दर्शन कर रहे हैं। दोनों पुलों से जनरल लाइन चल रही थी। भक्तों को परेशान होते देख दुकानदारों ने कार्टूनों के टुकड़े करके भक्तों को दिए। जिनसे भक्त हवा करते रहे। नौकाओ को ब्राम्हपुरी से ओंकार मठ घाट चलाया गया। कोटितीर्थ और चक्रतीर्थ घाट पर प्रतिबंध रहा। मंदिर कर्मचारी और पुलिस जवान मुस्तैदी से ड्यूटी देकर व्यवस्था संभालते रहे। प्रशासन के पुख्ता प्रबंध रहे। दक्षिण भारतीय लोगों का पुष्कर पर्व 12 मई को समाप्त हो गया। 13 मई को चुनाव का मतदान है। जहां मतदान हो गया है वहां के भक्त तो आएंगे।



### आदि गुरू शंकाराचार्य की निकली भव्य शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत

**अनोखा तीर, ओंकारेश्वर।** तीर्थ नगरी ओकारेश्वर में पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान आदि गुरु शंकराचार्य जी स्थल ओंकार पर्वत पर किया जा रहा है। इसी के तहत संत महात्माओं के प्रवचन अन्य कार्यक्रमों के साथ रविवार को सुबह शंकराचार्य जी मूर्ति स्थल फॉरेस्ट तिराहे से शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में संत समाज, जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए। जगह–जगह यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा मांधाता क्षेत्र में गुरु शंकराचार्य स्थल पहुंची। जहां संतों द्वारा पूजन पाठ किया गया। समापन मारकंडेश्वर आश्रम में हुआ। पत्रकारों से चर्चा करते हुए महामंडलेश्वर नर्मदानन्द बापजी ने कहा शंकराचार्य जी का वैशाख शुक्ल पंचमी के दिन अवतरण हुआ था। यह पंचदिवसीय अद्वितीय उत्सव भगवान ओंकार की धरती पर पहली बार हो रहा है। यहां आकर भगवान शंकराचार्य ने दीक्षा एवं सन्यास ग्रहण किया और सकल जगत को एकात्म का दर्शन दिया। अद्वैत कि इस मूर्ति भगवान शंकर के रूप में आज हम सभी लोगों ने मिलकर भव्य शोभायात्रा निकाली। पिछले पांच दिवस से जहां एकात्म उत्सव चल रहा है वहीं गोविंद पादाचार्य जी के स्थल पर शोभायात्रा के साथ पूजन दर्शन किया। तत्पश्चात भगवान शंकराचार्य जी के रथ को नगर भ्रमण करते हुए मार्कंडेय संयास आश्रम में समापन किया। एकात्म धाम पर पूजन अभिषेक पिछले पांच दिवस से चल रहा है। शंकराचार्य की सन्यास स्थलीय होने के कारण इस प्रकार का आयोजन पहली बार हो रहा है। आगामी प्रस्तावित एकात्म धाम जब पूर्ण हो जाएगा तो ओंकारेश्वर की धरा का यह अदभुत केंद्र पूरे भारत वर्ष के साथ विश्व भर में युग युगों तक अध्यात्म का एक अच्छा संदेश जाएगा। इस अवसर पर स्वामी प्रणवानंद सरस्वती जी ने बताया पूरे भारत में सनातन धर्म संस्कृति के लिए भगवान शंकराचार्य जी ने पूरे भारत में तीन बार पैदल भ्रमण किया। भगवान शंकराचार्य के इस भ्रमण में उन्होंने कई सनातन से जुड़े कार्य किये। 8 वर्ष की आयु में उनको वेदों चार वेदों का ज्ञान हुआ एवं 12 वर्ष में उन्होंने शास्त्र का ज्ञान अर्जित किया। 16 वर्ष में ब्रह्म के ज्ञानी हुए एवं कई ग्रंथों की रचना की तो वहीं 32 की उम्र में कई मठों की स्थापना की और ग्रंथों और शास्त्र संबंधी कई ग्रंथ रचना की।



# खंडवाः भाजपा के ज्ञानेश्वर पाटिल और कांग्रेस के नरेंद्र पटेल के बीच संघर्षपूर्ण मुकाबला



**अनोखा तीर, खंडवा।** लोकसभा के लिए सांसद चुनने का दिन आ गया है। चौथे चरण के चुनाव में खंडवा लोकसभा की आठों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं को रिझाने की कवायदें भले पूरी नहीं हुई, लेकिन वक्त ने पाबंदी लगा दी है। सोमवार को पौ फटते ही सुबह 7 बजे से मतदान का महायज्ञ शुरू हो जाएगा। यह शाम 6 बजे तक चलता रहेगा। खासकर भाजपा के ज्ञानेश्वर पाटील और कांग्रेस के नरेंद्र पटेल के बीच संघर्षपूर्ण मुकाबला है। गर्मी काफी अधिक है। पोलिंग पार्टियां मौके पर पहुंच गई। तीन हजार से ज्यादा सुरक्षाबल तैनात है। मेघालय जैसे बाहरी क्षेत्रों से बाहरी बल आया है। इससे निष्पक्षता की उम्मीद है। हालांकि इतनी प्रतिस्पर्धा चुनाव में नहीं दिख रही, इसलिए कोई विवाद की संभावना नहीं है।

**मोदी ही मुद्दा –** इस बार के चुनाव में नीति और मुद्दे गायब हैं। मोदी के चेहरे को आगे करके भाजपा चुनाव लड़ रही है। पहली बार ऐसा हुआ है, जब लोकल मुद्दे गायब हैं। महंगाई और विकास के मुद्दों पर बात नहीं हो रही है। इतना ही नहीं, भाजपा के प्रत्याशी तक को गौण कर दिया है। मतदाता केवल मोदी को पहचानते हैं। भाजपा प्रत्याशी भी स्वीकार कर चुके हैं कि मोदीजी की लहर है। यह देश का चुनाव है। मैं तो छोटा सा प्रतिनिधि हूं।

**मतदाता तक नहीं पहुंचे –** दोनों ही दलों ने रणनीतियाँ अलग अलग तरीके से बनाई हैं। लोकसभा का चुनाव रणनीति से ही जीतने वाला होता है। यहाँ मतदाताओं से सीधे संपर्क करना किसी भी प्रत्याशी के लिये मुश्किलों भरी बात है। पिछले महीने से मैनेज भी ऐसा ही किया जा रहा है। अब केवल मतदाताओं के ही हाथ में दोनों में से किसी एक का भविष्य तय करना होगा।

**मुद्दे गायब,बस वोट दो –** ज्ञानेश्वर पाटील ने नरेन्द्र मोदी के नाम को खुद भी ज्यादा प्रचारित किया। वहीं नरेंद्र पटेल तो बिन मुद्दों के ही पूरे लोकसभा क्षेत्र में केवल घूमते रहे। खंडवा जिले में तो स्टार प्रचारक ही नहीं आए। प्रदेशाध्यक्ष जैसे लोग भी नहीं पहुंचे। न कोई बड़ी रैली न कोई आकर्षण। यहां तक कि बूथ पर बैठाने के लिए एजेंट तक इकट्ठा नहीं हो पा रहे हैं। कांग्रेस की ऐसी हालत कभी नहीं दिखी।

**कौन जीतेगा,कौन हारेगा –** हर दुकान, बाजार, चौराहे पर यही चर्चाएं चलती रही कि कौन जीत रहा है। किसकी हवा चल रही है? किसका चुनावी मैनेजमेंट अच्छा है? इसमें अधिकतर लोगों का कहना है कि इस बार जैसा चुनाव कभी नहीं देखा। प्रशासन को इन पर लगाम लगाने की जरूरत ही नहीं पड़ी। मतदान के लिए प्रत्याशियों से ज्यादा प्रशासन के मुलाजिम अधिक मतदान के लिए लोगों की देहरी पर पीले चावल रखते नजर आए।

**निर्दलियों की बुरी हालत –** यूं तो खंडवा लोकसभा चुनाव में दर्जनभर लोग किस्मत आजमाने के लिए खड़े हुए हैं, लेकिन दो उम्मीदवारों को छोड़ सबकी चुनावी रफ्तार एक सीमित दायरे तक ही सिमटकर रह गई है। आठ विधानसभा क्षेत्रों के हिसाब से दोनों ही दलों के प्रत्याशियों का अलग अलग दृष्टिकोण व हवा चल रही है। कांग्रेस अपनी स्थिति मांधाता, भीकनगाँव, बुरहानपुर व बड़वाह में अच्छी व लीडिंग पोजीशन वाली मान रही है। वहीं, भाजपा पंधाना, खंडवा, नेपानगर, बागली पर ज्यादा फोकस करती दिखाई दी।

# सामाजिक बंधु भी मतदान जागरूकता को लेकर आगे आए

### जैन समाज ने मतदाताओं से की मतदान करने की अपील



**अनोखा तीर, खंडवा।** किसी भी चुनाव के मतदान को लेकर लगातार जागरूकता बढ़ रही है। शासन प्रशासन जहां मतदान को लेकर प्रचार प्रसार करता है, वहीं अब समाजसेवी संस्थाएं और सामाजिक बंधु भी मतदान करने की अपील अपने-अपने स्तर पर कर रहे हैं। समाजसेवी एवं जैन समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि मतदान को भी पर्व और त्योहार के रूप में मनाए और अपने मत का उपयोग आवश्यक रूप से करें। बच्चों को संस्कारित करने खंडवा पहुंची राजस्थान सांगानेर की प्रशिक्षित दीदीयो द्वारा जहां बड़ों एवं बच्चों को प्रवचन के माध्यम से धर्म की शिक्षा प्रदान की जा रही है वहीं उपस्थित सामाजिक बंधुओ से मतदान करने का अनुरोध भी किया जा रहा है। मतदान लोकतंत्र की आधारशिला है और भारत के राजनीतिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। घासपुरा दिगंबर महावीर जैन मंदिर में एक फ्लेक्स के माध्यम से सामाजिक बंधुओ से मतदान करने की अपील की गई है। जिसमें लिखा है मतदाताओं से निवेदन करते हैं मत दिवस को अपने अपने घरों में त्यौहार की तरह ही मनाएं क्योंकि आपका अपना वोट ही त्यौहार को और अधिक उल्लास और उमंग से मनाने के लिए सार्थक रहेगा। आपका वोट आपकी ताकत है इसे समझे और अपना वोट जरूर से देवे। मतदान और कन्यादान भाग्यशाली इंसान के नसीब में होता है। समाज के अध्यक्ष दिलीप पहाडिया समाज के सचिव सुनील जैन सभी मतदाताओं से सविनय अनुरोध किया है कि अपने मत का उपयोग अपने मतदान केंद्र पर जाकर अवश्य करें।

## बच्चों ने सीखा देव दर्शन, पूजा अभिषेक करने की क्रिया एवं किया सप्त व्यसनों का त्याग

**अनोखा तीर,खंडवा।** जैन श्रावक अणुव्रत,मूलाचार सहित एवं पांच पाप,चार कषाय,छह लेश्याओं से रहित होता है। जैन वही है जो क्रोध, मान, माया, लोभ, परिग्रह चोरी, कुशील, आदि से विरक्त है। जैन की मूल पहचान पंचाचार से है,रात्रि भोजन निषेध,सप्त व्यसन,जमीनकंद निषेध एवं नित्य देवदर्शन जैन होने की पहचान है यह उदगार बच्चों को शिविर के माध्यम से संस्कारित कर रही मुस्कान दीदी ने व्यक्त की, अंशिका दीदी ने कहा कि हमारे बच्चों को स्कूली शिक्षा के साथ आज धर्म और संस्कृति की शिक्षा भी अति आवश्यक है। अत : समाज के बच्चों को देव दर्शन पूजा करना अभिषेक के साथ धर्म की शिक्षा प्रदान कर उन्हें संस्कारित किया जा रहा है। समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि ने बताया कि दिगंबर महावीर जैन मंदिर बजरंग चौक में छोटे बच्चों में धार्मिक एवं नैतिक संस्कारों के समावेश के उद्देश्य से ग्यारह दिवसीय श्रमण संस्कार शिविर का आयोजन चल रहा है। शिविर में दैनिक पूजन, अभिषेक की विधी के साथ आचरण, व्यवहार एवं अनुशासन की शिक्षा भी सांगानेर (जयपुर) से पधारीं गुणी दीदियों अंशिका मुस्कान द्वारा सुबह शाम दी जा रही है। समाज की महिलायें भी कडी गर्मी के बावजूद दोपहर में शास्त्र अध्ययन का लाभ शिविर मे ले रही हैं, बडी संख्या में बच्चे शिविर के माध्यम से लाभान्वित हो रहे हैं शिविर की संकल्पना अध्यक्ष दिलीप पहाडिया, सचिन सुनील जैन गदिया ने की ,शिविर के व्यवस्थापन मे श्रीमती प्रीति लुहाड़िया, श्रीमती माला गदिया, श्रीमती टीना छाबडा, श्रीमती वर्षा सेठी एवं श्री मनीष जैन, भरत जैन, पंकज सेठी सतत सहयोगी रहे हैं।



# मतदान के महायज्ञ में आहूति देने को तैयार खंडवा का मतदाता, चुनेंगे अपनी पसंद का सांसद

### ● आज 21 लाख 12 हजार 203 मतदाता करेंगे अपने मत का उपयोग ● 805 मतदान बूथ बनाए गए जिले में ● सामग्री लेकर मतदान दल पहुंचे बूथों पर








**अनोखा तीर,खंडवा।** लोकसभा निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले के पंधाना, मांधाता व खंडवा विधानसभा क्षेत्र में आज मतदान संपन्न होगा। स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान के लिए जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कर ली हैं। वैशाख माह की भीषण गर्मी में आज होने वाले मतदान में राजनीतिक दलों के हर स्तर के नेता का विशेष फोकस सुबह और शाम को होने वाले मतदान पर रहेगा। भरी दुपहरी में मतदान की गति धीमी रह सकती है लेकिन अलसुबह सूरज की पहली किरण के साथ शुरू होने वाले मतदान में सुबह और शाम को अच्छी-खासी तेजी रहेगी।

**निडर होकर स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान कराएं –** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनूप कुमार सिंह ने नहाल्दा स्थित नवीन आदर्श महाविद्यालय से मतदान दलों को ले जा रही बसों को रवाना किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय, अपर कलेक्टर केआर बड़ोले, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आरसी खतेड़िया भी मौजूद थे। कलेक्टर श्री सिंह ने इस दौरान तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए अलग अलग मैदान में बनाए गए सेक्टर्स में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मतदान दलों को संक्षिप्त प्रशिक्षण देकर रवाना किया। उन्होंने मतदान दलों के अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे निडर होकर स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान कराएं। उन्होंने मतदान दलों को समझाया कि कोई भी समस्या आने पर अपने क्षेत्र के सेक्टर अधिकारी को तुरंत अवगत कराएं।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि मतदान से पूर्व मॉकपोल अभ्यार्थियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में अवश्य कराएं तथा मॉकपोल पश्चात ईव्हीएम से क्लियर बटन अवश्य दबाएं, उसके बाद ही मतदान शुरू कराएं। सभी मतदान अधिकारी अपने अपने मतदान केन्द्रों पर पहुंच गए हैं। मतदान दलों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया।

**एक नजर में मतदान केन्द्र –** खंडवा संसदीय क्षेत्र में कुल 21,12,203 मतदाता हैं, जिसमें से 10,70,924 पुरूष , 10,41,228 महिला एवं 51 अन्य मतदाता शामिल हैं। खंडवा संसदीय क्षेत्र में कुल 671 सेवा मतदाता है तथा 231 सेक्टर बनाए गए हैं। साथ ही दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 18868 है। खंडवा जिले के 3 विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 805 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं।

**मतदाता 13 दस्तावेजों में से एक जरूर लेकर जाएं –** आज मतदाता जब मतदान करने जाएं तो मतदाता सूचना पर्ची के साथ 13 फोटो युक्त दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज जरूर लेकर जाएं। जिसमें फोटोयुक्त वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज, पासपोर्ट, पासबुक, फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र, सांसद, विधायक को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकते हैं।



## सेन समाज ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

**अनोखा तीर, हरदा।** भगवान परशुराम जयंती पर सर्वब्राह्मण समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का सेन समाज द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सेन समाज के मुकेश निकुम ने बताया कि स्वागत दौरान दीपक तंवर, बबलू भाटी, सनी सेन, लोकेश चौहान, लोकेश मालवीय, प्रमोद मोहन, राधेश्याम पहलवान, लालू आदि उपस्थित थे।



## यह बात गलत है....



आप जो यह तस्वीर देख रहे हैं, वह हरदा रेलवे स्टेशन का नजारा है। स्टेशन पर ट्रेन के आगे बढ़ते ही रेल यात्री चंद समय की बचत के चक्कर में फुट ओवरब्रिज के बजाय पटरी लांघकर उस पार पहुंचते हैं। यह लापरवाही प्लेटफार्म पर आगे या पीछे नही बल्कि बीच स्टेशन पर भी देखने को मिल जाएगी। जहां महिला-पुरूष समेत छोटे-छोटे बच्चें तक प्लेटफार्म से नीचे उतरने में जरा नही कतराते हैं, जो कि खतरों से भरा है। वहीं दूसरी ओर रेलवे स्टेशन पर लंबे समय से व्याप्त ये लापरवाही थमने का नाम नही ले रही है और ना ही सुरक्षा बल इसको लेकर गंभीर है। यही कारण है कि लोग बेखौफ होकर इधर से उधर हो रहे हैं। इस बारे में जागरूक नागरिकों का कहना है कि सुरक्षित आवागमन की दृष्टि से फुटओबरब्रिज बने हैं। परंतु गिने-चुने लोग ही उसका इस्तेमाल करते हैं। खासकर मालगोदाम की तरफ ओवरब्रिज ना होने की दशा में शुरू से लोग पटरी पार कर प्लेटफार्म नम्बर दो पर पहुंचते हैं। हालांकि, इस तरफ भी जल्द फुट ओवरब्रिज बनने वाला है। इन सबके बीच ऐसी लापरवाही पर अंकुश लगाए जाने की बात जोर पकड़ने लगी है। दूसरी तरफ असुरक्षित आवागमन को लेकर लोग कहना भी नही चूकते, कि यह बात गलत है।



# नासूर की तरह फैल रहा अवैध अतिक्रमण...

## जगह-जगह वाहनों का जमघट, आवागमन बाधित

**अनोखा तीर, हंडिया।** तहसील मुख्यालय पर क्षेत्र के नागरिक वर्षों से स्थायी बस स्टैंड की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन इस समस्या का कोई समाधान आज तक नहीं निकल पाया है। बताया जाता है कि हरदा-देवास जिले की सीमा को जोड़ने वाले इस नेशनल- हाइवे मार्ग पर से सैकड़ो की संख्या में यात्री बसें डंपर, लौहे से लदे, भारी वाहन इन्दौर-बैतूल नागपुर, रायपुर बालाघाट मार्गो के लिए गुजरते हैं। जिससे बीच मार्ग पर खड़ी यात्री बसों में यात्रियों को परेशानी होती हैं तथा हादसों का अंदेशा भी बना रहता है। हंडिया बस स्टैंड पर नगर के अन्दर जाने वाले मार्ग पर बेतरतीब वाहनों को वाहन चालक बीच मार्ग पर ही खड़े कर देते हैं। जिससे जाम कि स्थिति निर्मित हो रही है। इस संबंध में जिम्मेदारों को अनेकों मर्तबा अवगत भी कराया गया। मगर आज तक किसी ने भी ध्यान नहीं दिया।



### सैकड़ों की संख्या में आते हैं श्रद्धालु

धार्मिक नगरी हंडिया में प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु पर्यटक आते हैं, लेकिन सुविधाओं के अभाव के चलते उन्हें परेशानियों से जूझना पड़ता है। अमावस्या व अन्य अवसरों पर तो महिला तीर्थ यात्रियों को शौचालय के अभाव में उन्हें तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में महिला यात्री ने बताया है कि जिला प्रशासन एवं शासन एवं जनप्रतिनिधि को इन समस्याओं की ओर ध्यान देना चाहिए, ताकि बस स्टैंड पर महिला यात्रियों को कोई परेशानी न हो।

### तीर्थ नगरी है हंडिया

स्मरण रहे कि हंडिया एक धार्मिक तीर्थ स्थल भी है। यहां अमावस्या पूर्णिमा व अन्य पर्व पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु नर्मदा स्नान के लिए आते हैं, लेकिन सुविधाओं के अभाव के चलते लोगों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### सर्व सुविधा युक्त हो हंडिया बस स्टैंड

हंडिया धार्मिक नगरी होने के साथ-साथ ही तहसील मुख्यालय क्षेत्र के अंतर्गत आसपास अनेक ग्रामीण अंचल से सीधा संपर्क रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि हंडिया तहसील को शीघ्र ही नगर परिषद का दर्जा दिया जाए तथा एक सर्व सुविधायुक्त बस स्टैंड की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदेश शासन से मिलना चाहिए, जिससे यहां आने वाले तीज त्योहारों पर इसका लाभ क्षेत्र की जनता को मिलता रहे। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से शीघ्र ही हंडिया को पर्यटन का दर्जा, नगर परिषद का दर्जा तथा पर्यटन क्षेत्र जोगा को हनुवंतिया टापू की तर्ज पर विकसित करने की मांग की है।

## न्यूज ट्रेक

### समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी के लिए पंजीयन शुरू करने की मांग

**अनोखा तीर, मसनगांव।** ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल कटने को तैयार है। कुछ खेतों में कटाई भी की जा रही है।15 मार्च के आसपास बोई गई फसल पककर तैयार हो चुकी है, जिन खेतों में चार पानी हो चुके हैं, वहां फसल मजदूरों के द्वारा काटी जा रही है। फसल कटाई होने से राजस्व विभाग द्वारा की जाने वाली गिरदावरी नहीं हो सकेगी। इसके लिए किसानों ने विभाग से फसल की गिरदावरी कर शासकीय मूल्य पर बेचने के लिए पंजीयन शुरू करने की मांग की है। किसानों का कहना है कि मूंग की फसल 2 महीने में पककर तैयार हो जाती है। मार्च के महीने में बोई गई फसल पकने की स्थिति में आ चुकी है। विभाग द्वारा गिरदावरी कर फसल का सत्यापन कराया जाए तथा समितियों में पंजीयन का काम शुरू किया जाए, जिससे किसान अपनी उपज समर्थन मूल्य पर बिक्री कर सके।

### बस स्टैंड चौक पर अव्यवस्थित वाहन पार्किंग से परेशानी

**अनोखा तीर, रहटगांव।** बाजार क्षेत्र में अव्यस्थित वाहन पार्किंग और चाट-फुल्की-फल के ठेले से आवागमन अवरुद्ध हो रहा है। वही बाजार क्षेत्र का शौचालय जाने में भी महिलाओं एवं ग्रामीण जनों को परेशानी होती है, क्योंकि बाजार क्षेत्र में वाहनो के जहां तहां खड़े रहते हैं। वही पिछले साल रहटगांव व्यापारी मंडल के अध्यक्ष द्वारा तहसीलदार को इस संबंध में ज्ञापन भी सौंपा गया था। गौरतलब है की स्थानीय ग्राम पंचायत द्वारा विगत महिनों में बस स्टैंड सहित सब्जी बाजार में मुख्य मार्ग से लगी हुई अव्यवस्थित अस्थाई दुकानों को व्यवस्थित करके मार्ग चौड़ा किया था एवं साइकिल बाजार जो मुख्य मार्ग है उसका चौड़ीकरण एवं मुख्य मार्ग जितने भी हैं वह सभी से अतिक्रमण हटाकर मार्ग चौड़े किए जाने की रुपरेखा थी। जिससे थाने की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर भी काफी अतिक्रमण पसरा हुआ है। थाने में जाने के लिए एंबुलेंस और हंड्रेड डायल और फायर बिग्रेड सहित अन्य वाहनों को काफी परेशानी होती है। इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव रामकृष्ण कुशवाहा ने बताया कि जगह-जगह जो अतिक्रमण फैला हुआ है उसे हटाया जाएगा एवं जल्द बाजार का सीमांकन कराकर भी बाजार का सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

### सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा 14 मई से

**अनोखा तीर, दतिया।** जिले के ग्राम खिरिया कान्डोर में 14 से 20 मई तक श्रीमद्भागवत कथा आयोजित होगी। 21 मई को हवन व भंडारे के साथ सात दिवसीय अनुष्ठान का समापन होगा। इस आयोजन में जाने माने



कथावाचक श्रीनिवास पाठक संगीतमय कथा का वाचन करेंगे। कथा पूर्व शाम 4 बजे बैंड बाजों के साथ एक विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। ग्राम के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरने वाली इस कलश यात्रा में करीब 1100 महिलाओं के शामिल होने की संभावना है। इसके उपरान्त व्यास पूजन कर कथा आरम्भ होगी। आयोजक राजेंद्र गुर्जर ने बताया कि श्रीमद्भागवत पुराण को भगवान कृष्ण का साहित्यिक अवतार माना जाता है। भागवत सुनने से आध्यात्मिक विकास और भगवान के प्रति श्रद्धा-विश्वास बढ़ता है। श्रीमद्भागवत कथा स्वयं की प्रकृति और परम वास्तविकता के बारे में सिखाती है। उन्होंने कहा कि इस सात दिवसीय भागवत कथा में आस-पास के गावों के अलावा दूर-दराज से काफी संख्या में महिला-पुरूष भक्त भाग लेंगे।

## किसान सम्मेलन में हजारों किसानों ने की सहभागिता




**अनोखा तीर, रहटगांव।** भारतीय किसान संघ द्वारा रविवार को कामधेनु गौशाला धनपाड़ा में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता ग्राम छिरपुरा के सरदार पटेल ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय किसान संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी उपस्थित रहे। उन्होंने किसानों के अधिकार एवं ग्राम इकाइयों की कार्यक्षमता के बारे में विस्तृत से बताया। जिसमें निर्वाचन अधिकारी के रूप में रामकृष्ण मुकाती के द्वारा प्रक्रिया पूर्ण की गई। संभागीय संगठन मंत्री दिनेश शर्मा के द्वारा नई तहसील कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष के रूप में दीपक पटेल सोडलपुर, तहसील मंत्री सियाराम गौर को बनाया गया। उपाध्यक्ष भंवर सिंह राजपूत, नारायण गौर, गणेश रानवे, सह मंत्री दिनेश गौर, गजेंद्र पटेल, तहसील युवा वाहिनी के सहायक संयोजक शुभम चौधरी, सहसंयोजक राहुल भाटी एवं नगर संयोजक रामबालक गौर को बनाया गया। किसान सम्मेलन में मुख्य रूप से प्रदेश के महामंत्री चंद्रकांत गौर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य योगेंद्र भामू, संभागीय उपाध्यक्ष आनंदराम किरार, संभागीय मंत्री कैलाश करोड़े, रामकृष्ण मुकाती, विष्णु गौर, जिला अध्यक्ष महेश शर्मा, जिला मंत्री विजय मलगाया, जिला कोषाध्यक्ष लोकेश गोर, श्याम पाटिल, हरिओम गौर, पवन गौर, आनंद पटेल एवं गौशाला समिति के सदस्य किशोरीलाल केमैया, प्रभु दयाल गौर, रणजीत सिंह एवं नंदलाल पटेल को मीडिया प्रभारी बनाया गया। इस आयोजन में तहसील कार्यकारिणी के सैकड़ो किसान उपस्थित हुए एवं सभी ग्राम इकाइयों के अध्यक्ष मंत्री भी उपस्थित रहे।

## गंगा सप्तमी पर होगा शिखर ध्वजारोहण

### पूजा, अभिषेक, सुंदरकांड पाठ का आयोजन



**अनोखा तीर, सिराली।** नगर के मालपुर भिलट बाबा स्थित दक्षिण मुखी सिद्ध हनुमान मंदिर में गंगा सप्तमी के अवसर पर श्रद्धालु भक्तों के द्वारा शिखर ध्वजारोहण किया जाएगा। जानकारी देते हुए गोलू गौर ने बताया कि भक्तों के जन सहयोग से श्री हनुमान जी महाराज के मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया है। इसी क्रम में 14 मई मंगलवार को स्थापना दिवस पर शिखर एवं ध्वजारोहण पूजा अभिषेक सुंदरकांड एवं महाप्रशादी का आयोजन किया जा रहा है। श्री गौर ने सभी भक्तों से कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने का आग्रह किया है।

## खरगोन-बड़वानी: गजेंद्र सिंह पटेल और पोरलाल खरते दोनो प्रत्याशी में बराबरी का मुकाबला

**अनोखा तीर,खरगोन।** खरगोन मध्य प्रदेश के महत्वपूर्ण शहरों में से एक है। साल 1962 में यहां पर पहला चुनाव हुआ। इस सीट पर बीजेपी और कांग्रेस के बीच ही मुकाबला रहा है। फिलहाल यह सीट अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार के लिए आरक्षित है। खरगोन-बड़वानी लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी गजेंद्र सिंह पटेल और कांग्रेस के प्रत्याशी पोरलाल खरते के



बीच मुकाबला है। दोनो प्रत्याशी के बीच मुकाबला बराबरी का है, दोनो ही प्रत्याशी बारेला समाज से है। यहां आदिवासी वर्ग में बारेला समाज जीत में अहम भूमिका अदा करता है। खरगोन-बड़वानी लोकसभा के लिए बीजेपी ने वर्तमान सांसद गजेंद्रसिंह पटेल पर पार्टी ने दोबारा भरोसा जताया है। कांग्रेस ने पोरलाल खरते को अपना उम्मीदवार बनाया है। भाजपा प्रत्याशी गजेंद्र सिंह पटेल और कांग्रेस के प्रत्याशी पोरलाल खरते, दोनों ही टिकट मिलने के बाद से मतदाताओं के बीच जाकर अपने-अपने पक्ष में मतदान की अपील करते दिखे। जहां तक मुद्दों की बात है तो पूरे चुनाव में दोनों ही दल जातिगत समीकरण साधते नजर आए। हालांकि भाजपा प्रत्याशी मोदी की गारंटी और सरकार की योजनाओं का प्रचार करते दिखे वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी सरकार की नीतियों को गलत ही बताते रहे।

## जलस्तर गिरने से गहराई पेयजल की समस्या



**अनोखा तीर, रहटगांव।** क्षेत्र में जैसे-जैसे गर्मी तेज होती जा रही है, वैसे ही जलस्तर अब नीचे बैठने लगा है। रहटगांव क्षेत्र के अधिकांश कुओं का जलस्तर नीचे गिरते जा रहा है। वहीं रहटगांव ग्राम पंचायत द्वारा संचालित नल-जल योजना से ग्रामीणों को पानी उपलब्ध हो रहा है। ग्राम पंचायत बड़वानी में ग्रामीणों को पानी उपलब्ध होने में परेशानी हो रही है। यहां पानी की टंकी बन चुकी है, लेकिन पानी इससे सप्लाई नहीं हो रहा है। वहीं यहां स्थित वन विभाग के क्वार्टर में लगे बोरिंग से रोजाना 2 घंटे पानी मिलता है । इस दौरान बड़ी संख्या में बच्चे इकट्ठे होकर पानी भरते हैं।

# लोकसभा चुनावों के बीच हरियाणा में बड़ा 'खेला'

**नायब सैनी सरकार से रूठे तीन निर्दलीय विधायक, और हो गया खेला....**



**तीन निर्दलीय विधायकों ने तो बाकायदा प्रेस कांफ्रेंस करके अपने समर्थन वापसी का ऐलान कर दिया है। यह सब ऐसे वक्त पर हुआ है जब राज्य में कुछ दो महीने पहले ही नेतृत्व परिवर्तन हुआ था। नायब सैनी सरकार से जिन निर्दलीय विधायकों ने समर्थन वापस लिया है।**

लोकसभा चुनावों के बीच में हरियाणा में बड़ा राजनीतिक ट्विस्ट आया है। दो महीने पहले राज्य में सत्ता परिवर्तन के वक्त पर सरकार के साथ रहे तीन निर्दलीय विधायकों ने अब राज्य में कांग्रेस के उम्मीदवारों का समर्थन और प्रचार करने का ऐलान किया है। तीनों विधायकों ने आधिकारिक तौर पर समर्थन वापस लेने का भी ऐलान कर दिया है।

लोकसभा चुनावों के बीच दिल्ली से सटे हरियाणा में राजनीतिक उथल-पुथल सामने आई है। राज्य में नायब सैनी सरकार को समर्थन दे रहे तीन निर्दलीय विधायकों के नाराज होकर अपने समर्थन वापस ले लिया है। इस विधायकों के साथ कांग्रेस का समर्थन करने का ऐलान किया है। तीन निर्दलीय विधायकों ने तो बाकायदा प्रेस कांफ्रेंस करके अपने समर्थन वापसी का ऐलान कर दिया है। यह सब ऐसे वक्त पर हुआ है जब राज्य में कुछ दो महीने पहले ही नेतृत्व परिवर्तन हुआ था। नायब सैनी सरकार से जिन निर्दलीय विधायकों ने समर्थन वापस लिया है। उनमें पुंडरी के विधायक रणधीर गोलन, नीलोखेड़ी के विधायक धर्मपाल गोंदर व चरखी दादरी के विधायक सोमवीर सांगवान शामिल हैं। हरियाणा के रोहतक में तीन निर्दलीय विधायकों ने कांग्रेस के प्रदेश प्रमुख उदयभान की मौजूदगी में बीजेपी सरकार से समर्थन वापसी की घोषणा की। इन विधायकों ने कांग्रेस को समर्थन देने का ऐलान किया।

### कांग्रेस के समर्थन का ऐलान

नायब सैनी सरकार ने ध्वनिमत से विश्वासमत हासिल किया था। निर्दलीय चार विधायकों ने लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के लिए चुनाव प्रचार करने का ऐलान किया है। 2019 के विधानसभा चुनावों में बीजेपी ने हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा में 40 सीटें जीती थी। कांग्रेस पार्टी को 31 सीटें मिलीं थी। 10 सीटों पर जेजेपी को जीत मिली थी। 7 सीटें निर्दलीयों के पास गई थी। एक सीट हरियाणा लोकहित पार्टी और 1 सीट इनेलो को मिली थी। वर्तमान में विधानसभा की दो सीटें खाली हैं। इनमें करनाल और रानिया सीटें हैं। करनाल सीट पर लोकसभा के साथ उपचुनाव हो रहा है। ऐसे में वर्तमान में हरियाणा की विधानसभा में कुल विधायकों की संख्या 88 है। हरियाणा में छठवें चरण में लोकसभा चुनाव हैं। बीजेपी राज्य में सभी 10 सीटों पर लड़ रही है तो वहीं कांग्रेस नौ और आम आदमी पार्टी 1 सीट पर चुनाव मैदान में है।

### दौलताबाद भी हैं नाराज!

चौथे विधायक राकेश दौलताबाद ने भी कांग्रेस के लिए चुनाव प्रचार करने का ऐलान किया है। दौलताबाद गुरुग्राम की बादशाहपुर सीट से विधायक हैं। राकेश दौलताबाद 2019 के विधानसभा चुनावों में बीजेपी के मनीष यादव को हराकर ही विधानसभा पहुंचे थे। बीजेपी ने मनोहर लाल के पहले कार्यकाल में पीडब्ल्यूडी मंत्री राव नरबीर सिंह का टिकट काटकर मनीष यादव को मैदान में उतारा था। दौलताबाद ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर जीत हासिल की थी। हरियाणा के साढ़े नौ साल तक मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल करनाल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं तो वहीं मौजूदा सीएम नायब सैनी करनाल विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में हैं।

**तेलंगाना में एक मिनी पूर्वांचल भी बसता है जोकि वहां की राजनीति में अच्छी खासी दखल रखता है। साथ ही सरकार चुनने में भी बड़ी भागीदारी निभाता है। इसी वजह से चुनाव में हर दल इन्हें साधने का प्रयास करते हैं। जानिए किसे कहते हैं मिनी पूर्वांचल और क्या हैं यहां के लोगों के मुद्दे। पूर्वांचल (उत्तर प्रदेश-बिहार-झारखंड) के लोगों के बारे में आम धारणा है कि जहां होते हैं, मजदूरी करते हैं, लेकिन हैदराबाद और उसके आसपास के क्षेत्रों में सरकार चुनने में भी उनकी बड़ी भागीदारी होती है। ग्रेटर हैदराबाद में भी 'मिनी पूर्वांचल' बसता है, जो दक्षिण भारत के राजनीतिक चालों और नारों से दूर अपने श्रम की ताकत से उस राज्य की हैसियत को आगे बढ़ाता है।**

# तेलंगाना की राजनीति में 'मिनी पूर्वांचल' अहम फैक्टर

### सरकार बनाने में रखते हैं दखल, दलों के सामने इन्हें साधने की चुनौती

तेलंगाना में एक मिनी पूर्वांचल भी बसता है जोकि वहां की राजनीति में अच्छी खासी दखल रखता है। साथ ही सरकार चुनने में भी बड़ी भागीदारी निभाता है। इसी वजह से चुनाव में हर दल इन्हें साधने का प्रयास करते हैं। जानिए किसे कहते हैं मिनी पूर्वांचल और क्या हैं यहां के लोगों के मुद्दे। पूर्वांचल (उत्तर प्रदेश-बिहार-झारखंड) के लोगों के बारे में आम धारणा है कि जहां होते हैं, मजदूरी करते हैं, लेकिन हैदराबाद और उसके आसपास के क्षेत्रों में सरकार चुनने में भी उनकी बड़ी भागीदारी होती है। ग्रेटर हैदराबाद में भी 'मिनी पूर्वांचल' बसता है, जो दक्षिण भारत के राजनीतिक चालों और नारों से दूर अपने श्रम की ताकत से उस राज्य की हैसियत को आगे बढ़ाता है।

सैकड़ों फैक्ट्रियों के मजदूर से लेकर उद्योगपति और सुरक्षा गार्ड से लेकर शीर्ष पदाधिकारी तक करीब 15 लाख पूर्वांचली मतदाता तेलंगाना के सैकड़ों बूथों पर जाते हैं और चुपचाप प्रत्याशियों की किस्मत तय करते हैं। हैदराबाद समेत आसपास के क्षेत्रों में बिखरे ये मतदाता अपने गृह राज्यों की तरह जात-पात में बंटे नहीं होते। किसी पार्टी विशेष या प्रत्याशी के प्रति आग्रह-दुराग्रह भी नहीं रखते हैं।



### विकास है मुद्दा

तरक्की की तलाश में अपने गांव से सैकड़ों किलोमीटर दूर पलायन करके आए हैं, इसलिए विकास इनके एजेंडे में है। हाथ की जगह विकास ने ले ली है। तेलंगाना की राजनीति भी इनकी अहमियत को अच्छी तरह से समझने लगी है। बाहरी लोगों के श्रम के साथ ही वोटों की कीमत भी पहचानने लगी है।

यही कारण है कि समर्थन पाने के लिए तरह-तरह के तरीके अपनाए जाने लगे हैं। उत्तर भारतीय नेताओं और भोजपुरी कलाकारों से रोड-शो कराए जाते हैं। पांच महीने पहले तेलंगाना विधानसभा चुनाव के दौरान भोजपुरी गायक पवन सिंह एवं अक्षरा सिंह जैसे कलाकारों को हैदराबाद की सड़कों पर घुमाया जा चुका है। इस बार प्रत्याशी उत्तर भारतीय विभिन्न संगठनों के साथ बैठकें करने में जुटे हैं। भोजपुरी कलाकार खेसारी लाल यादव आठ मई को बीआरएस के समर्थन में प्रचार करेंगे।



### अर्थव्यवस्था को भी दे रहे गति



दक्षिण भारत में सबसे ज्यादा पूर्वांचल के लोग तेलंगाना में ही हैं। मुंबई-सूरत के बाद हैदराबाद उत्तर भारतीयों का बड़ा ठिकाना है। गृह राज्यों से सैकड़ों किलोमीटर दूर इस हाईटेक सिटी में आकर पूर्वांचल के लोग सिर्फ मजदूरी ही नहीं करते हैं, बल्कि तेलंगाना की अर्थव्यवस्था को भी गति दे रहे हैं। केसीआर की सरकार में राज्य के मुख्य सचिव से लेकर डीजीपी जैसे शीर्ष पद भी पूर्वांचलियों के हाथ में थे। वरिष्ठ पत्रकार देव कुमार पुखराज पूर्वांचलियों को हैदराबाद की लाइफ-लाइन बताते हैं। कहते हैं-बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कामगार अगर काम करना बंद कर दें तो हैदराबाद संकट में आ जाएगा। इसीलिए कोरोना के समय केसीआर की सरकार ने बिहारी कामगारों का भरपूर ख्याल रखा था।

### पूर्वांचलियों के कई संगठन

हैदराबाद में पूर्वांचलियों ने अलग-अलग कई संगठन बना रखे हैं। बिहार एसोसिएशन मुख्य और मातृ संगठन है, जिससे सारे अन्य संगठन जुड़े हैं। उत्तर भारतीयों के तेलंगाना में रच-बस जाने की झलक पांच मई को मलकाजगिरी संसदीय क्षेत्र के सफीलगुडा रेलवे गेट के पास देखा गया। हैदराबाद में केंद्रीय गृहमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह की जनसभा से तीन-चार घंटे पहले दोपहर की 49 डिग्री तापमान में झुलसते आम यात्रियों को राहत पहुंचाने के लिए बिहार सहयोग समिति और नार्थ पीपुल्स एसोसिएशन के लोग बटर मिल्क लेकर खड़े थे।

पटना के पास दानापुर के मूलनिवासी विनय कुमार यादव बिहार सहयोग समिति के अध्यक्ष हैं। उनके कर्मों में तेलंगाना है, लेकिन रगों में खाटी बिहारीपन है। तेलंगाना (तब अविभाजित आंध्रप्रदेश) में करीब सात दशक पहले उनके दादा के कदम पड़े थे। तीन पीढ़ियों के बाद भी विनय खुद को असली बिहारी बताते हैं और राजनीति में उसी तरह सक्रिय रहते हैं, जैसे बिहार-उत्तर प्रदेश के आम लोग।

### दर्जनों फैक्ट्रियों के मालिक हैं पूर्वांचली

सीतामढ़ी से 1991 में खाली हाथ आए राम गोपाल चौधरी की हैदराबाद में तीन फैक्ट्रियां हैं। सैकड़ों लोगों को नौकरी और हजारों को रोजगार दे रखा है। लगभग छह दशक पहले सीतामढ़ी से रामदेव मिश्रा आए थे। श्रम किया, संसाधन जुटाए, फैक्ट्री खोली और देखते-



देखते कामगार से नियोक्ता बन गए। आज हैदराबाद में सिर्फ सीतामढ़ी के श्रम-साधकों की दर्जनभर कंपनियां हैं, जिनसे हजारों पूर्वांचलियों को आर्थिक ताकत मिल रही है। रामदेव मिश्र नहीं रहे, पर उनके बेटे मानवेंद्र मिश्र खनन कारोबार में अच्छा दखल रखते हैं। उनकी मां डॉ. अहिल्या मिश्रा दक्षिण की प्रख्यात हिंदी सेवी के तौर पर राष्ट्रपति तक से सम्मानित हो चुकी हैं। इसी तरह रामजी मिश्रा के बेटे संजीव मिश्रा भी पिता की औद्योगिक विरासत को विस्तार दे रहे हैं। गया जिले के परमानंद शर्मा नौकरी करने आए थे। आज पाइप फैक्ट्री के मालिक हैं। औरंगाबाद जिले के एसएन शर्मा की सुरक्षा एजेंसी में पूर्वांचलियों के साथ स्थानीय लोग भी काम कर रहे हैं।

### पिछले चुनाव में किसे मिले कितने मत

- 41.7 प्रति. टीआरएस
- 19.7प्रति. भाजपा
- 29.8प्रति. कांग्रेस
- 2.8प्रति. एआइएमआइएम
- 0.5प्रति. जेएनपी

# उत्तर प्रदेश में नाराज ठाकुरों को मनाने के लिये राजनाथ-शाह ने संभाला मोर्चा

**उधर, ठाकुरों को मनाने के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भगवा चोले से निकल कर बाहर आने को मजबूर हो गये। वह पश्चिमांचल से लेकर पूर्वांचल तक में क्षत्रियों को मनाने की कसरत कर रहे हैं। इसी कड़ी में अब यूपी के ठाकुरों को मनाने के लिये बीजेपी की केन्द्रीय टीम भी उतर आई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को भी ठाकुरों को मनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, तो केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी यूपी में क्षत्रिय समाज के बीच पैठ रखने वाले नेताओं से सम्पर्क में हैं। उधर, कहा यह भी जा रहा है कि लोकसभा चुनाव 2024 में जीत की हैट्रिक लगाने के लिए बीजेपी भले ही दावे कर रही है, लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व वाले एनडीए को इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों से कड़ी टक्कर मिल रही है।**

बीजेपी में वरिष्ठ नेता व गृहमंत्री अमित शाह ने रूठे नेताओं की कमान संभाल ली है। शाह ने पहले बृजभूषण शरण सिंह से बात कर कैसरगंज सीट का हल निकाला और अब जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के मुखिया व कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया से बेहद अहम मुलाकात की है। उत्तर प्रदेश में क्षत्रिय समाज की बीजेपी से नाराजगी ने पार्टी आलाकमान को हिला कर रख दिया है। इसी नाराजगी से डरा पार्टी आलाकमान कैसरगंज लोकसभा सीट से बृजभूषण शरण सिंह का टिकट काटने के बावजूद उनके बेटे को टिकट देने को मजबूर हो गया, वहीं पार्टी का शीर्ष नेतृत्व मैनपुरी में समाजवादी पार्टी के कुछ नेताओं द्वारा महाराणा प्रताप सिंह की मूर्ति के साथ छेड़छाड़ की घटना को भी खूब हवा दे रहा है, ताकि क्षत्रिय वोटरों को अपने पाले में खींचा जाये। दरअसल, चार मई को मैनपुरी में अखिलेश यादव के रोड शो के दौरान समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा महाराणा प्रताप की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ की गई और उनके हाथ में सपा का झंडा थमा दिया गया था, जिसे बीजेपी के नेताओं ने अपने बयान से बड़ा मुद्दा बना दिया। इसके साथ ही मैनपुरी में राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर अराजकता और उपद्रव करने के साथ ही प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ करने वाले सपाई कार्यकर्ताओं पर मैनपुरी कोतवाली में एफआईआर दर्ज हो गई। वहीं, इस घटना से आक्रोशित लोगों ने दूसरे दिन महाराणा प्रताप चौक पर धरना दिया और अराजक सपाइयों के साथ ही सपा के लोकसभा प्रभारी और विधान सभा प्रभारी की गिरफ्तारी की मांग की। महाराणा प्रताप क मूर्ति से छेड़छाड़ की घटना को भुनाने के लिये बीजेपी के साथ उसके अनुवांशिक संगठन भी आगे आ गये हैं।

उधर, ठाकुरों को मनाने के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भगवा चोले से निकल कर बाहर आने को मजबूर हो गये। वह पश्चिमांचल से लेकर पूर्वांचल तक में क्षत्रियों को मनाने की कसरत कर रहे हैं। इसी कड़ी में अब यूपी के ठाकुरों को मनाने के लिये बीजेपी की केन्द्रीय टीम भी उतर आई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को भी ठाकुरों को मनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है,तो केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी यूपी में क्षत्रिय समाज के बीच पैठ रखने वाले नेताओं से सम्पर्क में हैं। उधर, कहा यह भी जा रहा है कि लोकसभा चुनाव 2024 में जीत की हैट्रिक लगाने के लिए बीजेपी भले ही दावे कर रही है, लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व वाले एनडीए को इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों से कड़ी टक्कर मिल रही है। इसको देखते हुए बीजेपी हर एक सीट पर जीत दर्ज करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।



इसी कड़ी में अब बीजेपी में वरिष्ठ नेता व गृहमंत्री अमित शाह ने रूठे नेताओं की कमान संभाल ली है। शाह ने पहले बृजभूषण शरण सिंह से बात कर कैसरगंज सीट का हल निकाला और अब जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के मुखिया व कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया से बेहद अहम मुलाकात की है। सूत्रों का कहना है कि अमित शाह ने राजा भैया से मुलाकात कर कौशाम्बी सीट पर उनका समर्थन मांगा है। वहीं राजा भैया ने भी समर्थन देने की बात कह दी है। बता दें, राजा भैया को अपने पाले में लाने का प्रयास करके क्षत्रिय समाज की नाराजगी को कम करने का प्रयास किया है।

बताते चलें कुंडा से विधायक व बाहुबली नेता रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया हमेशा से चाहते थे कि कौशांबी लोकसभा सीट बीजेपी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के लिए छोड़ दें। क्योंकि चाहे राज्यसभा चुनाव हो या अन्य मौके राजा भैया ने समय समय पर बीजेपी की मदद की है। सीएम योगी की तारीफ से लेकर बीते राज्यसभा चुनाव में सपा के विधायकों की बगावत में राजा भैया का अहम रोल रहा है। इसको लेकर कहीं ना कहीं किसी रूप में बीजेपी ने भी राजा भैया को आश्वस्त भी किया था। राजा भैया कौशांबी सीट से पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार को अपनी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ना चाहते थे। लेकिन राजा भैया की बात नहीं बन पाई। बीजेपी ने दो बार के सांसद विनोद सोनकर को फिर से टिकट दे दिया है। कौशांबी लोकसभा सीट में कुंडा और बाबागंज विधानसभा सीट भी आती है, जहां राजा भैया की चलती है। यह दोनों ही सीट राजा भैया के प्रभाव वाली हैं। कुंडा से खुद राजा भैया लगातार चुनाव जीतते आ रहे हैं। साथ ही बाबागंज सीट से राजा भैया के करीबी विधायक हैं। ऐसे में जब हर सीट पर कांटे का मुकाबला हो रहा है। अब गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद अगर राजा भैया अगर बीजेपी प्रत्याशी की मदद कर देंगे तो कौशाम्बी सीट से बीजेपी की जीत तय हो जाएगी। कौशाम्बी से बीजेपी के उम्मीदवार की घोषणा करने के बाद से राजा भैया शांत हो गए थे। जानकार बताते हैं कि राजा भैया अंदर ही अंदर रणनीति तैयार कर रहे थे। इससे बीजेपी की मुश्किलें बढ़ सकती थी, इसी को लेकर अमित शाह को मोर्चा संभालना पड़ा। सूत्र बताते हैं कि कुंडा विधायक राजा भैया और गृहमंत्री अमित शाह की मुलाकात बैंगलुरू में हुई थी।

बीजेपी जिस तरह से यूपी में एड़ी-चोटी का जोर लगाये हुए हैं उसके आधार पर कुछ राजनैतिक पंडित कह रहे हैं कि असल में अबकी बार बीजेपी का 400 पर का नारा सिर्फ नारा ही लग रहा है, जमीनी हकीकत कुछ और ही है। इसकी भनक बीजेपी नेतृत्व को भी लग गई है। इसको लेकर बीजेपी नेतृत्व बहुत चिंतित है, इसलिए हर सीट पर जीत दर्ज करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। वहीं राजा भैया समर्थकों और बीजेपी उम्मीदवार विनोद सोनकर के बीच तनातनी की खबरें जगजाहिर है।



# काशी में बड़ी तैयारी, पीएम मोदी का मेगा रोड शो आज

### दिखेगी मिनी भारत की झलक, एक भारत-श्रेष्ठ भारत का संदेश

**वाराणसी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 मई को तीसरी बार वाराणसी से नामांकन करेंगे। भाजपा इससे एकजुटता दिखाने की कोशिश करेगी। एनडीए में शामिल सभी पार्टियों के लीडर मौजूद रहेंगे। 12 राज्यों के मुख्यमंत्री और 20 केंद्रीय मंत्री, यूपी सरकार के मंत्री और कई सांसद और विधायक शामिल होंगे। नामांकन से 1 दिन पहले पीएम बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से काशी विश्वनाथ मंदिर तक रोड शो करेंगे। भाजपा रोड शो में मिनी भारत की झलक दिखाएगी। गंगा किनारे बसे विभिन्न समाज के लोग अपनी संस्कृति के साथ स्वागत करेंगे। इससे पीएम देश-दुनिया को एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश देंगे। पीएम काशी में पिछले 2 चुनावों में भी नामांकन के समय 2 रोड शो कर चुके हैं। यह तीसरा रोड-शो होगा, जिसे भाजपा मेगा रोड शो बनाने में जुटी है। नामांकन से पहले मोदी काशी विश्वनाथ धाम में षोडशोपचार विधि से पूजन करेंगे। फिर काल भैरव मंदिर में विशेष पूजा कर जीत का आशीर्वाद लेंगे। प्रधानमंत्री के लगभग 6 किलोमीटर लंबे रोड शो की

- **14 को करेंगे नामांकन, 12 सीएम और 20 मंत्री होंगे शामिल**

शुरुआत शाम 4 बजे से होगी। प्रधानमंत्री वीआईपी गेस्ट हाउस से बीएचयू गेट पर पहुंचेंगे। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के बाहर महामना मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद रोड शो शुरू होगा। पीएम लंका चौराहे से सोनारपुरा, जंगमबाड़ी, गोदौलिया, बांसफाटक से होते हुए काशी विश्वनाथ धाम पहुंचेंगे। पीएम काशी विश्वनाथ मंदिर से चौक और मैदागिन पहुंचेंगे, जहां काल भैरव मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। वापसी में मलदहिया स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। पीएम के रोड शो के दौरान वाराणसी के प्रमुख मार्ग वाराणसी कैंट, शहर दक्षिणी और उत्तरी विधानसभा के क्षेत्र पड़ेंगे। प्रधानमंत्री के रोड शो को मेगा बनाने के लिए राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के नेताओं की जिम्मेदारी तय की गई है। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल और गुजरात के वरिष्ठ नेता जगदीश पटेल काशी पहुंच चुके हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### समस्तीपुर में खड़गे के हेलीकॉप्टर की ली गई तलाशी

#### थानाध्यक्ष बोलीं-चुनाव आयोग के निर्देश पर की गई जांच

**समस्तीपुर (एजेंसी)।** समस्तीपुर संसदीय क्षेत्र के जितवारपुर हाउसिंग बोर्ड मैदान में आज कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इसी बीच मुफस्सिल थानाध्यक्ष के नेतृत्व में उनके हेलीकॉप्टर की तलाशी ली गई। हालांकि, तलाशी के दौरान कुछ नहीं मिला। वहीं, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी के इस रवैये पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई है। राजद और कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं ने हेलीकॉप्टर की तलाशी का वीडियो बना लिया गया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### 4 जून के बाद यूपी होगा माफिया मुक्त राज्य

- सीएम योगी का ऐलान, गरीबों में बांटी जाएगी इनकी सारी संपत्ति

**लखनऊ (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 के चुनाव प्रचार में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ माफियाओं और विरोधी दलों पर जुबानी हमला बोलने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। इसी बीच मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ ने बड़ा बयान दे दिया है। सीएम योगी ने 4 जून के बाद यूपी को माफिया मुक्त राज्य घोषित करने की बात कही है। सीएम योगी ने चेतावनी देते हुए कहा कि चार जून के बाद हमारी सरकार यूपी को माफिया मुक्त राज्य घोषित करने के लिए एक निश्चित कट-ऑफ तारीख देगी। साथ ही यह भी कहा कि सभी माफिया नेताओं की तरफ से अर्जित संपत्तियों को जब्त किया जाएगा।

## 5 देशों में बैठे खालिस्तानी आतंकी रच रहे बड़ी साजिश

- बनाया एक्सप्लोर खालिस्तान प्लान, खुफिया इनपुट के बाद एनआईए जांच शुरू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया के 5 देशों में बसे 5 मोस्ट वांटेड खालिस्तानी आतंकियों की बड़ी साजिश खुफिया एजेंसियों को पता चली है। इन आतंकियों ने 'एक्सप्लोर खालिस्तान' प्लान बनाया है, जिसे वो



पंजाब की सेंट्रल जेल पटियाला से चलाया जा रहा है। खुफिया इनपुट के बाद गृह मंत्रालय ने इस मामले की जांच एनआईए को सौंप दी है। सूत्रों के मुताबिक प्लान यूएई में रह रहे भटिंडा के मौर कलां गांव निवासी बलजीत सिंह उर्फ बलजीत मौर, ऑस्ट्रेलिया में रह रहे गुरजंट सिंह उर्फ जंटा, कनाडा निवासी प्रिंस चौहान, अमेरिका निवासी अमन पूरेवाल और पाकिस्तान में छिपे बिलाल मानशेर ने मिलकर बनाया है। ये पांचों खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) से जुड़े हुए हैं।

# 10 राज्यों की 96 लोकसभा सीटों पर आज होगी वोटिंग

### 5 केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व क्रिकेटर मैदान में, 5700 करोड़ की संपत्ति वाला सबसे अमीर प्रत्याशी भी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2024 लोकसभा चुनाव के चौथे फेज में कल सोमवार को 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 96 सीटों पर वोटिंग होगी। 2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा ने 42, वाईएसआर कांग्रेस ने 22, बीआरएस ने 9 और कांग्रेस ने 6 सीटें जीती थीं। अन्य को 17 सीटें मिली थीं। इस फेज में देश के दो सबसे अमीर प्रत्याशी मैदान में हैं। आंध्र प्रदेश के गुंटूर से टीडीपी प्रत्याशी के पास 5,705 करोड़ रुपए और तेलंगाना की चेवेल्ल सीट से भाजपा प्रत्याशी के पास 4,568 करोड़ रुपए की संपत्ति है। चुनाव आयोग के मुताबिक इलेक्शन के चौथे फेज में कुल 1,717 कैंडीडेट्स मैदान में हैं, जिनमें 1,540 पुरुष और 170 महिला उम्मीदवार हैं। इनमें महिलाएं केवल 10 फीसदी हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) के मुताबिक, इस फेज के 1,710 उम्मीदवारों में से 21 फीसदी यानी 360 उम्मीदवार पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 476 यानी 28 फीसदी उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या



उससे ज्यादा की संपत्ति है। 24 ने अपनी संपत्ति शून्य बताई है। 543 लोकसभा सीटों में तीसरे फेज तक 284 सीटों पर मतदान हो गया है। 13 मई तक कुल 380 सीटों पर मतदान पूरा हो जाएगा। बाकी 3 चरणों में 163 सीटों पर मतदान होगा। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, 274 कैंडीडेट ऐसे हैं जिन पर हत्या, किडनैपिंग जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। इनमें से 17 उम्मीदवारों को किसी न किसी मामले में दोषी ठहराया गया है। 11 उम्मीदवारों पर हत्या और 30 पर हत्या की कोशिश के मामले हैं। 50 उम्मीदवारों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं। इनमें से 5 पर रेप का मामला भी दर्ज है।

## रायबरेली में सपा विधायक के घर अचानक पहुंचे अमित शाह

- मनोज पांडेय ने छुए पैर, राज्यसभा चुनाव में की थी क्रॉस वोटिंग

**प्रतापगढ़/ रायबरेली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रविवार को रायबरेली में अचानक सपा के बागी विधायक मनोज पांडेय के घर पहुंच गए। भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह भी उनके साथ रहे। सपा विधायक ने अपने आवास पर शाह का वेलकम किया।



बुके दिया और पैर छुए। बंद कमरे में मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक, शाह ने रायबरेली के चुनावी समीकरण को लेकर मनोज पांडेय से बातचीत की। मनोज पांडेय रायबरेली की ऊंचाहार विधानसभा से लगातार 3 बार से विधायक हैं। अखिलेश सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। ब्राह्मण वोट बैंक पर उनकी अच्छी पकड़ है।

## जब तक मोदी है, धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा

### बंगाल के बैरकपुर में पीएम ने मुसलमानों का जिक्र कर किया अलर्ट

बैरकपुर (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को बैरकपुर पहुंचे। यहां उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए कहा बंगाल कभी घुसपैठियों के खिलाफ आंदोलन करता था, आज यहां घुसपैठिए फलफूल रहे हैं। आज बंगाल में बम बनाने की होम फैक्ट्री चल रही है। बंगाल में टीएमसी सरकार राम का

- **राम मंदिर और सीएए समेत दी 5 गारंटी, जय श्रीराम के नारे लगवाए**

नाम नहीं लेने देती है। पीएम ने जय श्री राम के नारे लगाए। उन्होंने कहा कि बंगाल सरकार, टीएमसी सरकार राम नवमी नहीं मनाने देती। कांग्रेस और लेफ्ट ने भी राम मंदिर के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है, क्या ऐसे लोगों के हाथ में यह महान देश सौंपा जा सकता है क्या। यह देश उनको दे सकते हैं क्या। पीएम ने कहा कि कांग्रेस इंडी अलायंस ने वोट बैंक की पॉलिटिक्स के आगे घुटने टेक दिए हैं। वह कहते हैं मोदी के खिलाफ वोट जिहाद करो। टीएमसी विधायक





कहता है हिंदुओं को भागीरथी में बहा देंगे, सोचिए इतनी हिम्मत, इतना साहस पीएम ने कहा कि इन लोगों ने बंगाल में हिंदुओं को दोयम दर्जे का नागरिक बनाकर रख दिया है। तुष्टिकरण की जिद में इंडी अलायंस एससी, एसटी ओबीसी को मिलने वाला आरक्षण भी छीनना चाहता है। ये लोग कह रहे हैं कि आरक्षण अब मुसलमानों को दिया जाए, वह भी आधा-अधूरा या थोड़ा नहीं, पूरा आरक्षण मुसलमानों को दिया जाए। क्या यह बात आप स्वीकार करेंगे, क्या यह अन्याय स्वीकार करेंगे। कर्नाटक का जिक्र करते हुए पीएम ने कहा कि वहां कांग्रेस ने सारे आरक्षण मुसलमानों को दे दिए हैं। भाई-बहन आप लोगों को बहुत सतर्क रहने की जरूरत है। वोटबैंक की इसी राजनीति ने मानवता की रक्षा करने वाले को विलेन बना दिया। सीएए कानून, पीड़ितों को नागरिकता देने का कानून है, इससे किसी की नागरिकता नहीं छिनती है लेकिन टीएमसी, कांग्रेस जैसे दलों ने इसे अपने झूठ के रंग से रंग दिया है।

## कांग्रेस का दावा-हरियाणा की भाजपा सरकार अल्पमत में

- गवर्नर को 45 विधायकों की सूची दी; खट्टर बोले- जजपा के 6 बागी एमएलए हमारे साथ

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा में 3 निर्दलीय विधायकों के भाजपा सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद कांग्रेस नायब सैनी की सरकार के अल्पमत में होने का दावा कर रही है। कांग्रेस विधायक और चीफ व्हिप भारत भूषण बतरा ने बताया कि विपक्षी दलों के 45 विधायकों के लेटर गवर्नर बंडारू दत्तात्रेय तक पहुंच चुके हैं। गवर्नर को भेजे गए लेटर में दावा किया गया है कि कांग्रेस के 30, जननायक जनता पार्टी के 10, निर्दलीय 4, इंडियन नेशनल लोकदल के एक विधायक फ्लोर टेस्ट की मांग कर चुके हैं। 90 सीटों वाली हरियाणा विधानसभा में अभी 88 विधायक हैं, इसलिए



बहुमत का आंकड़ा 45 ही है। इधर, पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर ने कांग्रेस के दावे को खारिज किया है। उन्होंने कहा- जजपा के 10 में से 6 विधायक हमारे साथ हैं। मेरी जजपा के 3 बागी विधायकों के साथ मीटिंग भी हो चुकी है। वह लगातार फोन पर संपर्क में बने हुए हैं।

# पाक अधिकृत कश्मीर का पाकिस्तान से उठा भरोसा

### भड़की भीषण हिंसा की आग, अब तक 2 लोगों की मौत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में इन दिनों हालात अच्छे नहीं है। वहां के लोग आजादी की मांग करते हुए आंदोलन शुरू कर दिए हैं। बढ़ती महंगाई, भारी टैक्स, महंगी बिजली से लोग



परेशान हो चुके हैं। आंदोलन को रोकने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने, लाठी चार्ज करने और धारा 144 लगाने पड़े हैं। विरोध-प्रदर्शन और हिंसक घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों लोग घायल हो गये हैं। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि शनिवार को पुलिस कार्रवाई के विरोध में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की राजधानी मुजफ्फराबाद में जबर्दस्त हड़ताल रही। इस दौरान सभी दुकानें और व्यवसायिक प्रतिष्ठान और स्कूल-कॉलेज बंद रहे और आम जनजीवन प्रभावित रहा। पिछले दो दिनों से सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के बीच टकराव चल रहा है। समाचार एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, पीओके कार्यकर्ता अमजद अयूब मिर्जा ने कहा कि पाकिस्तानी सेना निहत्थे नागरिकों पर गोलीबारी कर रही है और झड़पों में कम से कम दो लोग मारे गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हिंसा में एक पुलिस एसएचओ की मौत हो गई, जिसे कथित तौर पर प्रदर्शनकारियों ने पीट-पीटकर मार डाला। मिर्जा ने भारत सरकार से हस्तक्षेप का आह्वान करते हुए कहा कि स्थिति नियंत्रण से बाहर होती जा रही है और केंद्र अलग नहीं रह सकता। उन्होंने कहा, स्थिति नियंत्रण से बाहर होती जा रही है।

### 37 फीसदी का इजाफा होगा, इस साल 250 लाख करोड़ का बाजार तैयार

# यूक्रेन-रूस व इजराइल-हमास युद्ध से बढ़ गई हथियारों की बिक्री

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया में छिड़े दो बड़े युद्धों से हथियार बाजार में गरमा-गरमी है। कोरोना काल के बाद भड़के यूक्रेन-रूस युद्ध और पिछले साल अक्टूबर में इजराइल-हमास युद्ध के बाद अब हथियारों का बाजार तैयार हो गया है। इस साल 250 लाख करोड़ रुपए के हथियारों की बिक्री होने की संभावना है। अब तक दुनिया में हथियारों का बाजार लगभग 183 लाख करोड़ रुपए का है। इस हिसाब से इस साल हथियारों की खरीद में 37 फीसदी तक की तेजी आने की संभावना जताई जा रही है। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि ये आंकड़ा देशों के बीच होने वाले आधिकारिक हथियार सौदों



के आंकड़ों से जुड़ा है। लेकिन दुनिया भर में अवैध रूप से हथियारों की ब्रिकी का नेटवर्क और बाजार भी है। इसमें कई देशों की सरकारें भी परदे के पीछे शामिल हैं। तीस साल में पहली बार यूरोप में हथियारों की खरीद में 13 फीसदी की वृद्धि हुई। फरवरी 2022 में छिड़ा यूक्रेन-रूस युद्ध दूसरे विश्व युद्ध के बाद यूरोप का पहला बड़ा युद्ध है। पिछले साल अक्टूबर में इजराइल-हमास युद्ध ने भी हथियारों की खरीद की रेस को बढ़ाया है। इजराइल के पास अपने बूते हथियारों का बड़ा जखीरा है, वहीं हमास के पक्ष में ईरान और खाड़ी के अन्य देशों ने अपने भंडारों को खोल दिया है। मल्टीपोलर वर्ल्ड ऑर्डर में गुटों की भूमिका खत्म हो रही है।

## इजरायल की ताकत से घबराया 'कट्टर' इस्लामिक देश ईरान

### परमामु बम की दे डाली धमकी, बड़ी जंग के मुहाने पर मध्य पूर्व!

**तेहरान (एजेंसी)।** गाजा में इजरायली अभियान के बीच कट्टर शिया इस्लामिक देश ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई के एक सलाहकार की टिप्पणी ने मध्य पूर्व में युद्ध के फैलने का खतरा बढ़ा दिया है। ईरानी अधिकारी ने कहा है कि अगर इजरायल उनक देश के अस्तित्व के लिए खतरा बना तो ईरान अपनी परमाणु नीति बदल देगा। उन्होंने कहा कि ईरान पर कोई खतरा उसे परमाणु हथियार न बनाने का अपना फैसला बदलने को मजबूर करेगा। ईरान



अब तक कहता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है। हालांकि, इजरायल और पश्चिमी देश आरोप लगाते हैं कि ईरान परमाणु हथियार विकसित करने की कोशिश कर रहा है। खामनेई के सलाहकार कमाल खर्राजी ने कहा, हमने अभी तक परमामु बम बनाने का कोई निर्णय नहीं लिया है।

**स्वामी,** प्रकाशक एवं मुद्रक प्रहलाद शर्मा द्वारा श्री सिद्धीविनायक प्रिंटर्स, देशबंधु परिसर, प्लॉट नं.26-बी, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल, म.प्र. से मुद्रित अनोखा तीर कार्यालय नया बस स्टैंड के सामने, हरदा, म.प्र. से प्रकाशित। **प्रधान संपादक** सुरेश लोहाना / **संपादक** प्रहलाद शर्मा / **प्रबंध संपादक** महेश कौशिक। फोन : 07577-226771 मो.9425045480, समाचार चयन के लिए पी.आर. बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। **सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा रहेगा।**

# लोकसभा निर्वाचन संबंधी सभी तैयारियां पूर्ण, मतदान दल मतदान केंद्रों के लिए रवाना

### देवास व खंडवा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान आज

**अनोखा तीर, देवास।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी लोकसभा निर्वाचन कार्यक्रम में चौथे चरण में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र देवास के लिए विधानसभा देवास, सोनकच्छ, हाटपीपल्या और खंडवा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए बागली विधानसभा में 13 मई को सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान होगा। मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरित कर मतदान केन्द्रों के लिए बस से रवाना किया गया। बैंक नोट प्रेस देवास में कलेक्टर ऋषव गुप्ता और प्रेक्षक बालाजी ने पूरे समय उपस्थित रहकर देवास और हाटपीपल्या के लिए मतदान सामग्री वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर ने मतदान दलों से संवाद कर उन्हें सफलतापूर्वक मतदान कराने के लिए शुभकामनाएं दीं। मतदान सामग्री वितरण के दौरान पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, उप जिला निर्वाचन




अधिकारी प्रवीण फुलपगारे, एआरओ देवास बिहारी सिंह, एआरओ हाटपीपल्या प्रवीण प्रजापति सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र के लिये एक-एक टेबल लगाई गई, ताकि मतदान कर्मी आराम से बैठकर मतदान सामग्री प्राप्त कर सकें और सामग्री का मिलान कर सकें। सामग्री वितरण स्थल पर चिकित्सा दल भी सभी आवश्यक दवाओं के साथ उपस्थित रहा। विधानसभा देवास, सोनकच्छ, हाटपीपल्या और बागली में मतदान के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। निर्वाचन में मतदान केन्द्रों पर नजर रखने, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुरक्षित मतदान के लिए उडनदस्ते, एसएसटी एवं पुलिस नाकों की व्यवस्था की गई हैं। आने-जाने वाले वाहनों की विशेष निगरानी रखी जा रही है।

### मदर्स डे पर विशेष...

## बच्चों को शिक्षा दिलवाकर बनाया काबिल

**प्रदीप साहू, खातेगांव।** इस दुनिया में मां एक ऐसा शब्द है जो अपने बच्चों के जीवन में हमेशा खुशियां देने के लिए कदम-कदम पर बच्चों के साथ खड़ी रहती है। चाहे कितनी भी परेशानियां हों लेकिन मां अपने बच्चों को अच्छे संस्कार के साथ उन्हें इस दुनिया में खड़ा करती है। कहा जाता है कि बच्चों के से माता या पिता में से किसी एक का साया भी उठ जाए तो बच्चों का जीवन अंधकारमय हो जाता है। लेकिन मां इस दुनिया में पिता का प्यार भी बच्चों को देती है। रविवार को मदर्स डे के अवसर पर विशेष खबर - दुनिया में कहते हैं ना कि मां धरती पर भगवान का रूप है। जिसने कभी ईश्वर ना देखा हो वो अपनी मां को देख सकता है। दरअसल मां करुणा की ऐसी देवी है। जिसके समान इस पूरे ब्रह्मांड में कोई दूसरा नहीं है। अपने बच्चों के लिए मां के प्रेम, त्याग और बलिदान को याद करने और उनका शुक्रिया अदा करने के लिए पूरी दुनिया में खासतौर पर मदर्स डे सेलिब्रेट किया जाता है।



**मदर्स डे पर खास-खबर** - इस मदर्स डे के मौके पर आज हम आपको ऐसी महिला के जीवन का संघर्ष बताने जा रहें हैं, जिसने अपने दम पर दोनों बच्चों को पढ़ाया लिखाया और काबिल बनाया। जी हां खातेगांव की रहने वाली मालती सोनी की शादी मंडीदिप जिले के सतलापुर निवासी घनश्याम सोनी से 1991 में शादी हुई थी। पति की गंभीर बीमारी के चलते जान गवाना पड़ी थी। पति घनश्याम सोनी की 2002 में मौत हो गई थी। जिसके बाद दोनों बच्चे और परिवार की बड़ी जिम्मेदारी मालती सोनी पर आ गई। पति के निधन के बाद मालती ने प्राइवेट स्कूल में बढ़ाया संघर्ष किया। जिसके बाद उनके मायके बाले पिता और भाई ने बापस खातेगांव ले आए। मातली की 2006 में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पद पर नौकरी लगी और अपने दोनों बच्चों को पढ़ाया-लिखाया। मालती का एक बेटा रुपेश बैंक में नौकरी करता है। दूसरा छोटा बेता आशुतोष आईपीएस की तैयारी कर रहा है। जिसका खर्च मां मालती सोनी उठाती हैं।

**मालती सोनी का संदेश**
**समय परिवर्तन होता है, धैर्य रखें। मैंने भी बहुत धैर्य रखा।**

## तेंदूपत्ता तुड़ाई व संग्रहण कार्य के लिए बैठक आयोजित

**अनोखा तीर, बागली/कांटाफोड़।** प्रतिवर्ष अनुसार उवनमंडल कन्नौद तथा बागली के अंतर्गत तेन्दुपत्ता सीजन वर्ष 2024 के तहत प्रबंध संचालक देवास प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में एसएल यादव उप वनमंडलाधिकारी कन्नौद के द्वारा कांटाफोड़, कन्नौद, खातेगांव परिक्षेत्र की प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति सतवास, खारिया, बाईजगवाड़ा, अजनास, संदलपुर, लोहारदा, कांटाफोड़, कन्नौद, कुसमानिया, हरणगांव, खातेगांव, सोमगावं, विक्रमपुर के पालक अधिकारी, समिति प्रबंधक, फडमुंशी एवं तेन्दु पत्ता क्रेता प्रतिनिधी की बैठक ली गई। वर्ष 2024 के लिए उपवन मंडल कन्नौद का लक्ष्य 22 हजार 400 मानक बोरा एवं वनमंडल का लक्ष्य 47 हजार 300 मानक बोरा निर्धारित किया गया है। बैठक में 16 मई 2024 से संग्रहण चालू करने, शत प्रतिशत अच्छी गुणवत्ता का पूरे 50 पत्ते की 1000 गड्डी 4000 रुपए की दर से खरीदने, रात्रि को अंधेरे में तेंदूपत्ता फड़ पर नहीं लेने के, संग्राहक के चालू बैंक खाते की स्पष्ट कापी



फड़ मुंशी संग्रहण के प्रथम दिवस को देने, प्रतीदिन खरीदी गई गड्डी को कार्ड में लिखने के ठेकेदार, विभाग द्वारा सत्यापन/ निरीक्षण में खराब कम पत्ते की गड्डी फड़ पर पाए जाने पर कार्यवाही करने, गड्डियों के बोरा भरती के पूर्व पानी सिंचाई की व्यवस्था फड़ मुंशी द्वारा करने पर क्रेता द्वारा शासकीय दर से भुगतान करने, फड़ स्थल पर चुना लाइन डाल कर 10×10 के चट्टे लगाने के संबंध में चर्चा कर निर्देश दिए गए।

**कमलापुर में भी हुई बैठक** - इसी प्रकार लघु वन उपज समिति सुंद्रेल तथा कमलापुर की बैठक उपवन मंडल अधिकारी बागली अमित सोलंकी की उपस्थिति में कमलापुर में आयोजित हुई। बैठक में दोनों लघु वनोपज समिति के प्रबंधक पालक अधिकारी तथा फड़ मुंशी उपस्थित थे। जिन्हें विभिन्न विषयों पर समझाइश दी गई।

## आसामाजिक तत्वों ने गोकशी की घटना को दिया अंजाम

**अनोखा तीर, देवास।** शहर के रेवाबाग नुसरत नगर में आसामाजिक तत्वों ने गोकशी की घटना को अंजाम दिया। नाहर दरवाजा थाना अंतर्गत रेवाबाग नुसरत नगर में गाय के मृत अवस्था में होने की सूचना हिन्दू संगठनों को लगी। राष्ट्रीय वंदे गौ माता संघ एवं संस्था राम राम को सूचना मिली कि पठान कुआं बीसीएम स्कूल के पास एक गाय मृत अवस्था में पड़ी है। राष्ट्रीय वंदे गौ माता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतू रघुवंशी ने बताया कि सूचना मिलने पर गौ माता संघ एवं संस्था राम राम के सदस्य मौके पर पहुंचे और गौ सेवकों ने गाय को वहां से उठाकर जेसीबी से गड्डा खुदवाकर विधि-विधान से उसका अंतिम संस्कार किया। श्री रघुवंशी ने बताया कि हमने प्रशासन को इसकी सूचना भी दी क्योंकि जब हमने गाय को वहां से उठाया तो उसके पैर कटे हुए थे। गाय की स्थिति देख ऐसा लग रहा था कि आसामाजिक तत्वों ने बर्बरता पूर्वक इस घटना को अंजाम दिया है। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि इस क्षेत्र में आए दिन गोकशी की घटनाएं होती रहती हैं। कई बार सूचना के बावजूद भी आरोपियों पर कार्यवाही नहीं होती, जिससे इन लोगों के हौंसले बुलंद है। नगर निगम ने मांस का विक्रय करने वालों को लायसेंस दिया है, लेकिन वह केवल स्लाटर हाउस पर मांस काटने के लिए है अन्य किसी भी जगह पर नहीं। लेकिन यहां लोगों को स्थानीय पार्षद का संरक्षण प्राप्त है। यह इसी का परिणाम है। गौ माता के अंतिम संस्कार में रमेश कौशल, खिलेश शिंदे, करण यादव, विहिप जिला मंत्री संदीप चौबे, अभिषेक माली, गोपाल एवं अन्य गो सेवकों ने सहयोग प्रदान किया।

### न्यूज ट्रेक

#### बागली विधायक ने किया मतदान केन्द्रों का अवलोकन

**अनोखा तीर, कांटाफोड़।** बागली विधानसभा के विधायक मुरली भंवरा ने नगर के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर अवलोकन किया। साथ ही मतदान दलों से चर्चा की तथा कांटाफोड़ के पिंक तथा आदर्श मतदान केंद्र पर सेल्फी पाइंट पर पहुंच कर सेल्फी भी ली




## चिलचिला धूप में मतदान संपन्न कराने मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुए दल



**अनोखा तीर, बागली/कांटाफोड़।** खंडवा लोकसभा अंतर्गत आने वाली बागली विधानसभा में 13 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। प्रशासनिक स्तर पर तैयारी पूर्ण कर 297 दलों को बागली मुख्यालय पर से मतदान सामग्री के साथ रवाना किया। भीषण गर्मी के चलते चिलचिलाती धूप में मतदान दल के कर्मचारी सामग्री लेकर मतदान केन्द्रों के लिए रवाना हुए। निर्वाचन अधिकारी एसडीएम आनंद मालवीया, तहसीलदार नीरज प्रजापति की उपस्थिति में मतदान दलों को सामग्री वितरण की गई और बस के माध्यम से अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया। ज्ञात हो कि आज 13 मई को बागली विधानसभा के 297 मतदान केंद्रों पर लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। जिसमें 49 केंद्र संवेदनशील बनाएं गए हैं। 14 आदर्श मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। जहां पर मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था होगी।

## दरिंदे पति ने ससुराल में की पत्नी की हत्या

### वृद्ध ससुर और मासूम बेटी पर भी कुल्हाड़ी से किया वार, दोनों गंभीर रूप से घायल

**अनोखा तीर, देवास/कन्नौद।** बीती रात ग्राम ननासा में सनकी पति ने अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। इतना ही नहीं उसने अपने वृद्ध ससुर और मासूम बच्ची पर भी कुल्हाड़ी से वार किया। वृद्ध ससुर और बच्ची गंभीर रूप से घायल है, इनका इलाज चल रहा है। दरिंदे पति ने यह घटनाक्रम को क्यों अंजाम दिया, इसकी पुलिस जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार घोड़ाबढ़ सिमरोल निवासी 42 वर्षीय छतरसिंह उर्फ मांगीलाल पिता डूडिया अपने ससुराल ग्राम ननासा आया हुआ था। इस बीच रविवार रात करीब 1.30 बजे उसने 38 वर्षीय पत्नी गुलबाई की गर्दन पर कुल्हाड़ी से वार किया। इसके



बाद 75 वर्षीय ससुर मोहन पिता हल्लू को सीने व हाथ पर तथा 10 वर्षीय पुत्री सुमन के चेहरे पर कुल्हाड़ी से वार किया। तीनों ही गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तीनों गंभीर रूप से घायलों को शासकीय अस्पताल कन्नौद पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान गुलबाई की मौत हो गई। घायल ससुर व पुत्री का अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया। रविवार को मृतिका गुलबाई का पीएम के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में थाना प्रभारी तहजीब काजी का कहना है कि आरोपित के विरूद्ध हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है। उसकी तलाश की जा रही है।

## देववासिनी के दरबार में अधिक से अधिक मतदान की कामना

**अनोखा तीर, देवास।** 2024 के संसदीय चुनाव प्रचार का दौर थम गया। 13 मई सोमवार को मतदान की तिथि है। देवास शाजापुर लोकसभा क्षेत्र



की जनता जनार्दन को अपना सांसद चुनना है। देववासिनी पर्वत माता टेकरी पर हिन्दू शौर्य दिवस, 6 दिसम्बर से प्रारंभ निरंजन महाआरती की श्रृंखला में इस शनिवार को भी महाआरती की गई। संस्था देववासिनी के सचिव महेश चौहान ने बताया कि हमारी संस्था द्वारा विशेष अतिथि के रूप में पोरबंदर गुजरात के सांसद रमेश भाई धडुक को आरती के लिए आमंत्रित किया था। श्री धडुक शनिवार को माता जी की निरंजनी महाआरती में शामिल हुए। श्री धडुक ने उपस्थित लोगों से कहा कि आप सब मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़कर मतदान कर अपना कर्तव्य निभाता है। देखा जाए तो प्रचार थमने के बाद बचे दो दिन किसी भी चुनाव में गहनता, गंभीरता के होते हैं। यह मतदाता के सोच विचार का समय होता है कि वह अपना जनप्रतिनिधि किस चुने। मतदाता जनहित, राष्ट्रहित, समाजहित, विकास, ईमानदारी, कर्मशीलता को तराजू में तौलता है। अच्छे बुरे का भान करता है। मतदाता चिंतन के इस समय संस्था देववासिनी द्वारा शनिवार की नियमित आरती में मां तुलजा भवानी, चामुंडा माता के दरबार में अधिक से अधिक मतदान की कामना की गई। श्री धडुक ने कहा कि सनातन का ध्वज ऊंचा रहे। सांस्कृतिक धरोहरों की साज, संभाल हो। विकसित राष्ट्र बने। महान चिंतक, विचारक, सामाजिक समरसता का मूलमंत्र एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय का स्वप्न पूर्णतः साकार हो। देश का लोकतंत्र सुदृढ़, सशक्त, गौरवशाली हो। इसके लिए आगे आकर वोट करे। मां से प्रार्थना की गई कि इसके लिए जन-जन में प्रेरणा प्रदान करें। शनिवार की महाआरती में भीषण गर्मी के शहर एवं ग्रामीण अंचल से बीच भी सैकड़ों की संख्या में भक्तजन सम्मलित हुए।

## लोकतंत्र की शान बढ़ाना है, मतदान करने जरूर जाना है

### मतदान दलों का मतदान केंद्रों पर ढोल-ढमाके, पुष्पमाला पहनाकर किया स्वागत

**अनोखा तीर, देवास।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी लोकसभा निर्वाचन कार्यक्रम में चौथे चरण में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र देवास के लिए विधानसभा देवास, सोनकच्छ, हाटपीपल्या और खंडवा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए बागली विधानसभा में 13 मई को सुबह 07 बजे से सांय 06 बजे तक मतदान होगा। मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए मतदान दल मतदान सामग्री लेकर मतदान केन्द्रों पर पहुंच गए हैं। मतदान दलों के मतदान केंद्रों के आगमन पर बीएलओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं अन्य संबंधितों द्वारा ढोल-ढमाके, आतिशबाजी, पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस दौरान सभी मतदान दलों ने सभी मतदाताओं से विनम्र आग्रह करते हुए कहा है कि आप सभी को सारे काम छोड़कर 13 मई को उत्साह एवं उमंग के साथ मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान करना है और दूसरों मतदाताओं को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करना है।

## श्रद्धा संवर्धन यात्रा का उत्साहपूर्वक समापन

### यात्रा के माध्यम से दिए कई संदेश

**अनोखा तीर, खातेगांव।** नगर के गायत्री परिवार द्वारा शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार मध्य प्रदेश के आवाहन पर 27 जनवरी 2024 से 10 मई 2024 तक 81 ग्रामों में सफलता यात्रा निकाली गई। उक्त यात्रा का मुख्य उद्देश्य गायत्री परिवार के विभिन्न कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाना एवं सनातन संस्कृति का प्रचार-प्रसार करना है। गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य की धर्मपत्नी माता भगवती देवी शर्मा गुरु माता की जन्मशताब्दी एवं 1926 में आचार्य श्रीराम शर्मा द्वारा अखंड दीपक जलाया गया था। जिसकी जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में यह यात्रा पूरे मध्य प्रदेश में निकली जा रही है। गायत्री परिवार खातेगांव के मुख्य ट्रस्टी राजेंद्र व्यास और यात्रा के प्रभारी उमेश दुबे ने बताया कि खातेगांव गायत्री शक्तिपीठ से सुसज्जित रथ के माध्यम से कलश और अखंड दीपक, गायत्री माता को जन-जन तक पहुंचाया गया एवं आचार्य श्रीराम शर्मा द्वारा रचित साहित्य लगभग 25 हजार रुपए का साहित्य प्रसाद के रूप में निःशुल्क वितरित किया गया। ग्राम में प्रत्येक घर के सामने इस रथ की पूजन ग्रामवासियों द्वारा की गई। यात्रा के माध्यम से यह संदेश दिया गया



कि परिवारों में संस्कारों की स्थापना हो, युवा पीढ़ी नशा मुक्त हो, हमारे ग्राम आदर्श ग्राम बने, ग्राम को स्वच्छ और सुंदर रखने के साथ-साथ वृक्षारोपण के महत्व को बताया जा रहा और हम सुधरेंगे युग सुधरेगा, हम बदलेंगे युग बदलेगा के नारे को जन जन तक स्थापित करना। जिसके माध्यम से मनुष्य में देवत का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण हो इन उद्देश्यों को लेकर यह यात्रा खातेगांव तहसील के मेल्पिपलिया से प्रारंभ होकर 10 मई को सतवास तहसील के ग्राम झाबरिया में जयनारायण यादव के फॉर्म हाउस पर देव पूजन आरती और भोजन प्रसादी के साथ संपन्न हुई। जिसमें खातेगांव, कन्नोद, सतवास, कटाफोड़ के परिजन शामिल हुए। यात्रा कुल 105 दिनों तक चली, जिसमें गायत्री परिवार खातेगांव ने 77 ग्राम खातेगांव विकासखंड के और 4 ग्राम सतवास विकासखंड के पूर्ण किए। यात्रा के लिए वाहन जयनारायण यादव द्वारा गायत्री परिवार को निःशुल्क उपलब्ध कराया गया।



### प्रेरणा मंच ने थाना प्रभारी का किया सम्मान

**अनोखा तीर, खातेगांव।** नगर व क्षेत्र में लगातार हो रही वाहन चोरी पर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में अंकुश लगाने का कार्य पुलिस कर रही है। वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देश में खातेगांव पुलिस ने वाहन चोर गैंग को अपनी गिरफ्त में लिया। वाहन चोर गैंग को पकड़ने की सफलता पर नगर के प्रेरणा मंच की ओर से थाना प्रभारी विक्रांत झंझोट का सम्मान किया गया।

## न्यूज ट्रेक

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से युवक की मौत, दो गंभीर घायल

**अनोखा तीर, आमला।** ब्लॉक के ग्राम मोरखा के नागदेव मंदिर के पास रविवार दोपहर में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। रविवार दोपहर में अचानक मौसम में आए परिवर्तन के चलते आसमान में आकाशीय बिजली की गड़गड़ाहट के साथ बारिश होने लगी। जिसके चलते धनगौरी बाबा नागदेव मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए आए संजय उइके उम्र 21 साल निवासी ग्राम घोघरी सेलगांव, जारूलाल वटके 32 साल निवासी ग्राम खदवाडी, अंकुल मरकाम 22 साल निवासी घोघरी सेलगांव बारिश से बचने के लिए मंदिर के पास बेल नदी पर बनी पुलिया के समीप स्थित आम के पेड़ के नीचे जाकर खड़े हो गए। अचानक आकाशीय बिजली का कहर आम के पेड़ पर बरपा और संजय, जारूलाल और अंकुल आकाशीय बिजली की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। साथ आए परिजनों ने डायल हंड्रेड को सूचना दी। तीनों घायलों को डायल हंड्रेड वाहन से बोरदेही के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए लाया। जहां पर डॉक्टर ने अंकुल मरकाम को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल संजय और जारूलाल की हालत गंभीर होने से दोनों को सरकारी अस्पताल आमला रेफर किया है।

### किराना दुकान में लगी आग



**अनोखा तीर, सेमरी हरचंद।** नजदीकी ग्राम चौराहेट में रोड के किनारे एक किराना दुकान में विगत रात्रि करीब 11 बजे आग लग गई। जिसकी जानकारी वहां से गुजर रहे लोगों द्वारा दुकानदार को दी गई। दुकानदार डालचंद पिता धर्मदास ने बताया कि रात्रि 10 बजे दुकान बंद कर हम घर चले गए थे तभी कुछ लोगों ने बताया कि तुम्हारी दुकान में आग लगी हुई है। इसके बाद हम दुकान पहुंचे और आग बुझाने की कोशिश की। आग लगने की वजह से हमारी दुकान में रखी किराना सामग्री जल कर खाक हो गई। आज किन कर्म से लगी यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### अनोखा विवाह : बैलगाड़ी से निकाली बारात



**अनोखा तीर, इटारसी।** नगर से 15 किमी. दूर विस्थापित गांव नया माना में एक अनोखा विवाह देखने को मिला। जहां बैलगाड़ी से बारात निकाली गई। आदिवासी नेता विनोद वारिवा ने बताया कि आदिवासी सांस्कृतिक, रीति-रिवाज पारंपरिक यह समाज भी प्रथा है। जो बैलगाड़ी को सजा कर बारात निकालते हैं। बैलगाड़ी से निकली बारात की जानकारी लगने पर आपपास गांव के लोग देखने पहुंचे और नाच-गाने से झुम उठे। बताया गया कि दूल्हा आनन्द भलावी ने सोच कर रखा था कि जब भी मेरी शादी होगी तो मैं बारात बैलगाड़ी से निकालूंगा, जो आज पूरी हुई। बारातियों ने 4 बैलगाड़ी ने बारात में हिस्सा लिया। वारिवा ने बताया कि आदिवासी समाज के लोगों को ऐसे ही पंरपरा को आगे तक बनाए रखना है। आदिवासी समाज में जंगल- जमीन और पेड़-पौधों की पूजा की जाती है।

### रेलवे प्रतिक्षालय में पागल का आंतक, लोग परेशान



**अनोखा तीर, इटारसी।** नगर कर रेलवे स्टेशन जंक्शन होने के साथ-साथ प्रदेश का बड़ा स्टेशन पर भी है। जहां से होकर कई प्रदेशों को जाने वाली ट्रेने जाती है। जहां पर इन दिनों लोग एक पागल के आंतक से परेशान हैं। जानकारी के अनुसार रेलवे टिकिट खिड़की के यात्री प्रतीक्षालय में एक पागल आतंक मचा रहा है। पागल हाथ में पत्थर लेकर घूम रहा है। जिसने रविवार को यात्री प्रतिक्षालय में लेटे एक युवक को सिर पर पत्थर से हमला कर घालय कर दिया। बुकिंग कार्यालय में ड्यूटी पर मौजूद महिला कर्मचारी भी इस पागल की हरकत से परेशान हो गई है। नागरिकों का कहना है कि जीआरपी और आरपीएफ को तत्काल ध्यान देकर इस पागल को पकड़ना चाहिए, नहीं तो इस पागल द्वारा रेलवे परिसर में बड़ी घटना को अंजाम दिया जा सकता है। सूत्र बता रहे हैं कि रविवार को करीब एक घंटे तक पागल आतंक मचाता रहा। यात्री भी पागल की हरकतों से दहशत में हैं।

# सामाजिक समरसता व सर्व कल्याण की पंच दिवसीय संकल्प यात्रा संपन्न

## सभी सुखी, निरोगी व एक रहें : बसेड़िया



**अनोखा तीर, बनखेड़ी।** ग्राम पुरैना रंधीर के समाजसेवी मुकेश बसेड़िया ने विगत 6 मई को हनुमान मंदिर से सामाजिक समरसता व सर्व कल्याण के लिए कन्याओं व युवा वैदिक कर्मकांडी ब्राह्मणजनों का सम्मान कर संकल्प यात्रा का शुभारंभ ध्वज पूजन के साथ किया था। सामाजिक समरसता व सदभाव, सर्व कल्याण के मुख्य उद्देश्य को लेकर यात्रा का प्रथम पड़ाव उत्तरप्रदेश के काशी हिन्दु विश्वविद्यालय प्रागंण बनारस में पं. मदन मोहन मालवीय के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर छात्र संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जहां विश्वविद्यालय के शोध छात्रों ने मुकेश बसेड़िया को महामना पं. मदन मोहन मालवीय का दिव्य छाया चित्र भेंट कर सम्मान किया। तथा भगवान श्री परशुराम जी के सप्त अलंकरण का दशावमेध घाट गंगा तट व विश्वनाथ धाम में पूजन हुआ। यात्रा झारखंड राज्य के रांची नगर से गुमला जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र डुमरी वनखंड होते हुए दुर्गम पहाड़ पर भगवान श्री परशुरामजी की तपस्थली टांगिनाथ धाम पहुंची। उपरोक्त क्षेत्र आदिवासी उरांव, बैगा जनजाति बाहुल्य पुरातत्व क्षेत्र है। जहां पर एक विशालकाय व दिव्य फरसा जमीन के अंदर आधा धंसा हुआ, जिसका अक्षय तृतीया पर विधिवत पूजन के साथ सप्त अलंकरण अर्पित कर सर्व मंगल व सर्व कल्याण व सामाजिक एकता की प्रार्थना की तथा टांगिनाथ धाम के प्रमुख पुजारी राकृपाल बैगा की अध्यक्षता में सुन्नु बेगा व प्रसाद बैगा के मुख्य आतिथ्य में पुजारी निवास पर गांव में संगोष्ठी का आयोजन कर बेटियों को वस्त्र, पठन लेखन सामग्री प्रदान कर आशीर्वाद लिया व सभी को नशा से दूर रहने व शिक्षा से जुड़ने की अपील भी की। यात्रा का अंतिम पड़ाव झारखंड राज्य के देवघर के सुप्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग बैजनाथ धाम में बाबा बैजनाथ व शक्तिपीठ जय दुर्गा का पूजन-अर्चन कर मन्दिर प्रागंण में सामाजिक संगोष्ठी आयोजित कर कन्याओं व वृद्धजनों का सम्मान कर यात्रा का विधिवत समापन किया। उक्ताशय की जानकारी देते हुए मुकेश बसेड़िया ने बताया कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य सर्व समाज की मंगल कामना, सर्वे भवन्तु सुखिनः की पावन प्रार्थना तथा सर्व समाज में सामाजिक समरसता, एकता, सदभाव बना रहे, नशा व व्यसन मुक्त समाज का निर्माण हो और सभी लोगो में परस्पर प्रेम व सदभाव बना रहे। संकल्प यात्रा में नगर के पुजारी राघवेंद्र भार्गव, प्रवीण व्यास, हिमांशु तिवारी, विनय दुबे, मनोज द्विवेदी, शिवम भार्गव, अनीश भार्गव, प्रिंन्स बसेड़िया के सानिध्य में युवा कर्मकांडी ब्राह्मणजनों, बनारस में काशी हिंदू विश्वविद्यालय के शोध छात्र, ओमकार शुक्ला, जयवीर सिंह, खगेन्द्र कुशवाह, गगन शर्मा, अखलेश चतुर्वेदी, राकेश वर्मा, उपेंद्र शिंदे, अमन अग्रवाल, योगेश उपाध्यय, अभिषेक उपाध्याय, रांची में सुधीर मिश्रा, अमन पाठक, जयकांत तथा टांगिनाथ धाम में मुख्य पुजारी राकृपाल बेगा, सुन्नु बैगा, प्रसाद बैगा, पुस्सू बैगा, राजकुमार बैगा, रुक्मणि देवी, मीणा देवी, देवघर में राकेश पंडा, प्रमोद पंडा व अभिषेक व अन्य साथियों में वरिष्ठ शिक्षक मधुसूदन पटेल, सिराज अहमद, पवन राजोरिया की यात्रा को सफल व सार्थक बनाने में महती भूमिका रही।

# पत्नी पसंद से मिलती है लेकिन मां पुण्य से : बिहारिया

## - पसंद से मिलने वाली के लिए पुण्य से मिलने वाली को मत ठुकराना



**अनोखा तीर, बैतूल।** समाजसेवा व रक्तदान में अग्रणी समाजसेवी संस्था मां शारदा सहायता समिति ने मातृत्व दिवस पर अभिनव आयोजन किया। जिसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. ब्रजलाला भाटिया की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला भाटिया उम्र 100 वर्ष 4 माह,श्र ीमती सरोज देवी शुक्ला समाजसेवी, श्रीमती गुरुचरण कौर, श्रीमती शकुंतला पचौरी पूर्व जिला महीला समन्वयक पूर्व प्राचार्य, तीन बेटियों का जीवन संवारने वाली श्रीमती शिवकली काकोड़िया का विधि-विधान से दूध से पैर पखारकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम संयोजक शैलेंद्र बिहारिया ने बताया कि पं. श्रीराम तिवारी ने मंत्र पढ़कर विधि-विधान से माताओं का पूजन संपन्न कराया। जिसमें माताओं के पैर पखारकर आरती उतारकर माला पहना, पुष्पगुच्छ, शाल, श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर माताओं के सम्मान में रेडक्रास के प्रतिनिधि संजय शुक्ला ने कहा कि मां ही दुनिया है मां जैसा कोई नहीं। चंचल पांसे व श्रीमती निमिषा शुक्ला ने मां तू कितनी अच्छी है तू कितनी भोली है गीत से माताओं को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि मां का कोई दूसरा विकल्प हो नहीं सकता। इस अवसर पर हिमांशु सोनी ने कहा कि मां है तो सब कुछ है नहीं तो सब अधूरा है। इस अवसर पर शिक्षक प्रितमसिंग मरकाम ने कहा कि मां अपनी कोक में हमे नौ माह रखती है कितनी तकलीफ सहती है और वही बच्चे बड़े होकर मां की आखें गीली करते है। इस अवसर पर शिक्षक महेंद्र मालवीय ने कहा मां को याद नहीं किया जा सकता। क्योंकि वह हमसे अलग नहीं है हर स्वास उसकी है इस दुनिया का सबसे सुंदर शब्द मां है। इस अवसर पर प्रत्याशा महिला समिति की तूलिका पचोरी ने कहा कि मां जीवन का विश्वास होती है, मां जीवन का संबल होती है, मां जीवन की आस होती है, मां से बड़कर इस दुनिया में कोई नहीं होता। शिक्षिका दीपा मालवीय ने कहा कि मां ईश्वर का दिया अनमोल उपहार है, मां के बिना सूना हमारा संसार है मां हमारे जीवन का आधार है, मां हम बच्चों के लिए भगवान है। महिला विंग की श्रीमती हेमा सिंह चौहान ने कहा की मां वेदों की मूल चेतना है। मां ही गीता की वाणी है, मां ही प्रभु का दूसरा रूप है। शिक्षक राजू मालवीय ने मां पर गीत सुना सबको रुला दिया उन्होंने मां पर सुंदर सुंदर बाते कही। इस अवसर पर शैलेंद्र बिहारिया ने कहा कि पत्नी पसंद से मिलती है लेकिन मां तो पुण्य से मिलती है। इसलिए पसंद से मिलने वाली के लिए पुण्य से मिलने वाली को मत ठुकराना, इस दुनिया में पृथ्वी से भी भारी मां होती है। इस अवसर पर समाजसेवी मार्गदर्शक रमेश भाटिया, पिंकी भाटिया, महेंद्र मालवीय, चंचल पांसे, प्रितमसिह मरकाम, जलदीप वर्मा, अनंत तिवारी, हिमांशु सोनी, जलदीप वर्मा, तूलिका पचोरी, हेमासिंह चौहान, निमिषा शुक्ला, संजय भाटिया, कन्हैया पवार, बाली अहलूवालिया, राजू मालवीय, शैलेंद्र बिहारिया उपस्थित थे। इस अवसर पर सम्मान पाने वाली माता श्रीमती शकुंतला पचौरी ने कहा कि समाज की सोच बदलने का यह अभियान समाज के लिए वरदान है। कोरोना काल में हमने देखा विदेश में बैठे संतानों ने अपने माता-पिता को अकेले छोड़ दिया। यह बेहद हृदय विदारक था ऐसे कार्यक्रम जनचेतना लाते हैं।

# साफ-सफाई नहीं होने से बढ़ रहा मच्छरों का प्रकोप, हो रही बीमारियां

## लापरवाह हो गई नगरपालिका, बीमार हो रहे नागरिक

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** स्थानीय नगरपालिका की लापरवाही का भुगतान नगर के नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। नगर की नालियों की साफ-सफाई नहीं होने के कारण मच्छरों की तादाद दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जिसके कारण मच्छर जनित बीमारियों से नगर के नागरिक ग्रसित होते जा रहे हैं। नगरपालिका जिसका काम नगर में साफ-सफाई की व्यवस्था करना मुख्य होता है। वहीं नगर पालिका अब यहां केवल निर्माण कार्यों पर ही अपना ध्यान केंद्रित किये हुए है। परिषद को भी अपने मूल कार्य नगर की साफ-सफाई से कोई लेना देना नहीं है। नगर की नालियों की कई दिनों से साफ-सफाई नहीं होने से नालियों मे कीचड़ की भरमार होती जा रही है। जिसके कारण नगर में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और अस्पतालों में मच्छर जनित बीमारी के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। पहले सिवनीमालवा नगर पालिका प्रदेश में साफ-सफाई में पुरुष्कार प्राप्त कर चुकी है। लेकिन अब उसे इससे कोई मतलब नहीं रह गया है। अब केवल नगरपालिका निर्माण कार्यों पर ही ध्यान दे रही है। दुकानें और कांपलेक्स का निर्माण कराकर उसकी नीलामी कराना ही नगरपालिका का मुख्य काम रह गया है।

**दवा का नहीं हुआ छिड़काव** - जब से नई परिषद बनी है तब से आज तक नगर में मच्छर मार दवा का छिड़काव नहीं किया गया है। अब नगर पालिका द्वारा मच्छरमार दवा का छिड़काव नहीं किए जाने से सारा नगर मच्छरों से पीड़ित हो गया है। नागरिक बीमारियों की चपेट मे आते जा रहे हैं। नगर पालिका की मच्छर मार दवा का छिड़काव करने वाली मशीन का अता पता ही नहीं है। किसी को पता ही नहीं है कि यह मच्छरमार दवा का छिड़काव करने वाली यह मशीन अब कहां है। नगरपालिका की नई परिषद जब से आयी है। तब से उसका ध्यान केवल नगर में दुकानें बनाने, कांपलेक्स बनाने और उसकी नीलामी कराने के ऊपर ही है। नगर की मूल भूत समस्याओं से नगरपालिका को कोई मतलब नहीं है। इसी का परिणाम है कि आज सारा नगर मच्छरजनित बीमारियों से ग्रस्त हो गया है।

**लापरवाह हो गई नगरपालिका** - साफ-सफाई जैसे मूल भूत अपने कार्य के प्रति नगरपालिका पूरी तरह से लापरवाह हो गई है। इसी का परिणाम है कि नगर का नालियों की साफ-सफाई नहीं हो रही है। उनमें कीचड़ और गंदा पानी भरा होने से मच्छर बढ़ते जा रहे हैं। गर्मी के मौसम में वैसे भी बीमारियां अधिक होती है। उन्हें साफ-सफाई से ही रोका जा सकता है। लेकिन इस ओर से नगरपालिका पूरी तरह से किनारा कर चुकी है। इसके कारण नगर के नागरिक मच्छरों से होने वाली बीमारियों को भुगत रहे हैं।



### ब्राह्मण महिला मंडल ने आनंद मेले का किया आयोजन

**अनोखा तीर, इटारसी।** नगर के ब्राह्मण समाज महिला मंडल द्वारा आनंद मेला लगाया गया। मेले में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं वर्तमान विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, नपा अध्यक्ष पंकज चौरे और रेलवे पुलिस फोर्स अधिकारी श्रीमती अनुराधा मिश्रा, ब्राहमण समाज के अध्यक्ष पं. जितेंद्र ओझा, नन्ही परी मानुषी शर्मा पिता सुशील शर्मा ने शामिल होकर मेले का लुत्फ उठाया।

# कलेक्टर ने की शत-प्रतिशत मतदान की अपील



**अनोखा तीर, देवास।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र देवास के लिए विधानसभा देवास, सोनकच्छ, हाटपीपल्या और खंडवा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए बागली विधानसभा में 13 मई को सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान होगा। प्रजातंत्र के उत्सव में सभी मतदाता बढ़-चढ़कर भाग ले और अपने मत का प्रयोग अवश्य करें, हर मतदाता अपने घर से निकले और जागरूक मतदाता की तरह नैतिक मतदान करें। लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी मतदाताओं का मतदान करना जरूरी है। मतदाता मतदान कर अन्य नागरिकों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें, शत प्रतिशत मतदान हो सकें। मतदाताओं से अपील है कि वे निष्पक्ष होकर स्वयं के विवेक से मतदान करें। सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गए हैं। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है। मतदान केन्द्रों पर रैम्प, पीने के पानी, लाइट, शौचालय, दिव्यांगजन सुगमतापूर्वक मतदान कर सके, इसके लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की गई है। मतदान के लिए आदर्श और पिंक मतदान केन्द्र बनाये गए हैं।

# महादेव बुलाएंगे तो सावलमेंढ़ा में कथा करने अवश्य आऊंगा : पं. मिश्रा



अनोखा तीर, बैतूल। महाराष्ट्र परतवाड़ा में चल रही शिवमहापुराण कथा के समापन उपरांत वापस लौटते समय पंडित प्रदीप मिश्रा सावलमेंढ़ा के शिव शक्ति संकटमोचन हनुमान मंदिर में कुछ देर रुके, जहां उन्होंने मंदिर का भ्रमण किया। मंदिर में स्थित शिवलिंग का पूजन-अर्चन किया। ग्रामीणों को स्वागत के लिए धन्यवाद प्रेषित किया। ग्रामीणों ने बैंड-बाजे एवं पुष्पवर्षा के साथ उनका स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने समाजसेवी प्रभुकुमार शिवहरे पप्पू सेठ के निवेदन पर कहा कि महादेव अगर बुलाएंगे तो वे यहां कथा करने अवश्य आएंगे। इस मौके पर ग्राम के वरिष्ठ नागरिक एवं हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश शिवहरे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिलीप शिवहरे, व्यापारी लक्ष्मीनारायण शिवहरे उर्फ लच्छू सेठ, आशीष शिवहरे, गुलाब अड़लक, कैलाश मिरासे, सावन जैसवाल, पत्रकार नंदू शिवहरे, प्रेम कुमार पांडे, रामदास धुर्वे, पं. विश्वनाथ अग्निहोत्री, दिवाकर सोनी, गोलमन राठौर, मंगल राठौर, गोकुल पन्दराम, कमलेश पोहेकर, अरविन्द राठौर, अशोक राठौर एवं हजारों की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। मंदिर में नित्य पूजन करने आने वाली महिला आरती संगमनेकर ने कहा कि यह शिवलिंग पहले से ही बढ़ी प्रभावी है। पं. प्रदीप मिश्रा पर भोले बाबा का आशीर्वाद है उनके द्वारा पूजन किये जाने से इस मंदिर का और महत्व बढ़ गया।

# लोक अदालत से आपसी कटुता दूर होकर अच्छे समाज का निर्माण होता है : न्यायाधीश तबस्सुम खान



**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** लोक अदालत से लोगो की आपसी कटुता दूर होती है और एक अच्छे समाज का निर्माण होकर आपसी मन मुटाव दूर होते हैं। जस्टिस पीएन भगवती ने सन 1986 में लोक अदालत का शुभारम्भ समाज में एक-दूसरे में आपसी मनमुटावों को दूर करने के लिए किया था। उक्त बात जिला एवं सत्र अपर न्यायाधीश श्रीमती तबस्सुम खान ने नेशनल लोक अदालत के अवसर पर कही। न्यायाधीश श्रीमती खान ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारों के मध्य आपसी समझौता कराकर उनका मतभेद दूर कराया जाता है। जिसमें पक्षकारों के मध्य आपसी राजीनामा उपरांत प्रकरण का निर्णय किया जाता है। लोक अदालत का उद्देश्य समाज में आपसी सामंजस्य स्थापित करना है। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष राजेश मिश्रा ने कहा कि लोक अदालत में पक्षकारों में हुए आपसी समझौते के बाद उसे कही चुनौती नहीं दी जाती है। लोक अदालत से अदालतों में लंबित प्रकरणों का भार कम होता है। समाज में आपसी मतभेद दूर करने के लिए लोक अदालत बहुत उपयोगी साबित हुई है। नेशनल लोक अदालत का शुभारम्भ जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती तबस्सुम खान, व्यवहार न्यायाधीश सीनियर डिवीजन श्रीमती साहंगी दुग्गल, व्यवहार न्यायाधीश जूनियर डिवीजन सरोज डेहरिया, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष राजेश मिश्रा, सचिव आदित्य ठाकुर ने मां सरस्वती, महात्मा गांधी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पमाला अर्पित कर किया। इस नेशनल लोक अदालत में जिला एवं अपर सत्र न्यायालय में 19 प्रकरण निराकृत हुए। जिसमें मोटर यान अधिनियम के 12 प्रकरणों में बीमा कंपनी से हुए राजीनामा में 50 लाख 25 हजार रुपए की अवार्ड राशी दी गई। हिन्दु विवाह अधिनियम के 6 प्रकरणों में पति-पत्नी ने आपसी सहमति से विवाद समाप्त कर प्रकरण का निराकरण कराया। पति-पत्नी ने एक-दूसरे को पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया। न्यायाधीश तबस्सुम खान ने उन्हें वृक्षारोपण के लिए पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। न्यायालय सीनियर डिवीजन न्यायाधीश साहंगी दुग्ग्ल के न्यायालय में चेक बाउंस के 20 प्रकरणों में आपसी राजीनामा कराकर 18 लाख 83 हजार रुपए की राशी का आदान-प्रदान हुआ। न्यायालय जूनियर डिवीजन न्यायाधीश सरोज डेहरिया के न्यायालय में 19 प्रकरणों में आपसी राजीनामा बाद निराकरण किया गया। जिसमें क्रिमिनल के 15 प्रकरण और सिविल के 4 प्रकरणों का निराकरण पक्षकारों के मध्य आपसी राजीनामा कर किया गया। इसी तरह अनुविभागीय अधिकारी सरोजसिन्हे परिहार ने राजस्व के 17 प्रकरणों में तथा तहसीलदार के न्यायालय में राजस्व के 43 प्रकरणों का निराकरण किया गया। बैंक एवं नगरपालिका के प्रलिटिगेशन 83 प्रकरणों में 8 लाख 83 हजार 612 रुपए की राशि वसूली गई।



# रेलवे अस्पताल में मनाया अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस

**अनोखा तीर, इटारसी।** वेस्ट सेंटर रेलवे एम्प्लॉय यूनियन ने पश्चिम मध्य रेलवे अस्पताल न्यू यार्ड में अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय नर्स डे का अयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में नर्स तथा स्टाफ का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष आरके यादव ने नर्स स्टाफ द्वारा की जा रही कर्मचारी मरीजों की सेवा के लिए आभार व्यक्त किया। तथा यूनियन के सहयोग के लिए सभी रेलवे अस्पताल स्टाफ को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में मंडल संगठन सचिव मनोज रैकवार, डीजल शाखा सचिव नितेश देवडे, शाखा सचिव मुबारक अली, शाखा सचिव सरताज हुसैन, युवा मंडल उपाध्यक्ष नितिन मैना, वकील सिंग, रामस्वरूप महतो, तोसिब खान, अनुभव पाल, ललित रघुवंशी, देवेंद्र, प्रदीप प्रजापति, भूषण कनौजिया, शेख जावेद, मनोहर परते, गणेश विक्रम, रोहित बावरिया, दुष्यंत, महिला कॉम स्नेहा जोशी, योगेश फिरके उपस्थित रहे।

## न्यूज ट्रेक

### चोरों ने रामदेव मंदिर से चुरा ले गए दान पेटी

**अनोखा तीर, हरदा।** जिला मुख्यालय के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत पेड़ी घाट के पास स्थित रामदेव बाबा मंदिर पर बीती रात चोरों ने धावा बोलकर मंदिर में रखी दान पेटी चुरा ले गए। रविवार सुबह पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना कर चोरों की तलाश शुरू की। मंदिर के पुजारी ताराचंद मिश्रा ने बताया कि उन्होंने शनिवार रात करीब 12 बजे के आसपास



मंदिर बंद किया था। जब रविवार सुबह 6 बजे मंदिर पहुंचे तो मंदिर में रखी दान पेटी उसके स्थान पर नहीं दिखाई दी। इसकी जानकारी उन्होंने मंदिर समिति से जुड़े सदस्यों को दी। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पंडित मिश्रा ने बताया कि दान पेटी में करीब 25 हजार रुपए के आसपास रखें होंगे, क्योंकि मंदिर में रखी दान पेटी सालभर में एक बार ही खुलती है। जब पुलिस ने आसपास की तलाशी ली तो मंदिर के सामने ही सड़क किनारे दानपेटी टूटी हुई पड़ी थी। जिसमें रखे रुपये गायब थे, सिविल लाइन थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### युवक की करंट लगने से मौत

**अनोखा तीर, हरदा।** जिले के हंडिया थाना क्षेत्र के ग्राम बिछोला में शनिवार शाम एक 18 वर्षीय युवक की करंट लगने से मौत हो गई। रविवार



सुबह जिला अस्पताल में मृतक के शव का पीएम कर परिजनों को सौप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बिछोला का रहने वाला प्रताप सिंह उम्र 18 साल शनिवार शाम को अपने खेत में लगी मूंग की फसल में दवाई देने के लिए गया हुआ था। इस दौरान खेत में लगी पानी की मोटर को चालू करने के दौरान स्टार्टर में खराबी आने के कारण उसे सुधार रहा था। इस दौरान उसे करंट लग गया। जिससे वह मौके पर ही अचेत हो गया। घटना के बाद परिजनों ने उसे जिला अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पिकअप पलटने से 26 लोग घायल, 2 गंभीर

**अनोखा तीर, आमला।** क्षेत्र में ग्रामीणों से भरी एक पिकअप पलट जाने से उसमें सवार 26 लोग घायल हो गए। इनमें 2 की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा आमला थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम चुटकी के पास जोड़ पर शनिवार शाम को हुआ है। सभी घायलों को उपचार के लिए आमला के अस्पताल लाया गया। परिवार के लोग और रिश्तेदार सामाजिक रस्म के अनुसार शादी के दूसरे दिन बेटी को विदा कर अपने घर लेकर आने के लिए पिकअप में सवार होकर पाचनजोत से नीमझिरी जा रहे थे। रास्ते में ग्राम चुटकी के पास चालक ने पिकअप से नियंत्रण खो दिया और वह अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें सभी घायलों को अमला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया कराया गया। वहीं गंभीर घायल को जिला अस्पताल बैतूल रेफर कर दिया गया है। जहां पर डॉक्टरों द्वारा घायलों का उपचार किया जा रहा है। इस हादसे में बारेलाल, कारी बाई, फूलवंती, संतु, मंजू लाल, महपत कासदे, ममता, सुनीता, शंकर लाल बेठेकर, जामलाल, सूरदास, मुकेश बैठेकर, हरे लाल, मनीष, फुग्गु लाल, फागना कसदेकर, शिवलाल अजीत पिता सुखलाल भोपकर और रामचरण को चोट आई है। गंभीर रूप से घायल 12 वर्षीय अजीत और रामचरण को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

#### माल वाहक वाहन पर पुलिस ने की कार्यवाही

आमला टीआई एसपी सक्सेना ने बताया कि पिकअप में सवारी भरकर ले जा रहे थे और वह दुर्घटनाग्रस्त हो गई। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है। ड्राइवर घटना के बाद से फरार है। इस मामले में एक्सीडेंट का मामला दर्ज किया गया है।

### रामानुजाचार्य स्वामी का प्रकटोत्सव मनाया

**अनोखा तीर, हरदा।** शेषावतार आद्यगुरू श्रीश्री 1008 रामानुजाचार्य स्वामी का 1007वां प्रकटोत्सव रविवार को महाराणा प्रताप कॉलोनी स्थित श्री रामानुज कोट मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में रामानुज संप्रदाय और अन्य भागवतजन शामिल हुए। प्रातःकाल से ही श्री रामानुज स्वामी का अभिषेक, पूजन, अर्चना, स्तुति



और आरती के पश्चात गोष्ठी प्रसादी का सिलसिला दोपहर तक चलता रहा। रामानुजाचार्य के दर्शन में सत्ता या परमसत के संबंध में तीन स्तर माने गए हैं। ब्रह्म अर्थात ईश्वर, चित अर्थात आत्म तत्व और अचित अर्थात प्रकृति तत्व। वस्तुतः ये चित अर्थात आत्म तत्व तथा अचित अर्थात प्रकृति तत्व ब्रह्म या ईश्वर से पृथक नहीं है। बल्कि ये विशिष्ट रूप से ब्रह्म के ही दो स्वरूप हैं एवं ब्रह्म या ईश्वर पर ही आधारित हैं। वस्तुतः यही रामनुजाचार्य का विशिष्टाद्वैत का सिद्धान्त है। जैसे शरीर एवं आत्मा पृथक नहीं हैं तथा आत्म के उद्देश्य की पूर्ति के लिए शरीर कार्य करता है। उसी प्रकार ब्रह्म या ईश्वर से पृथक चित एवं अचित तत्व का कोई अस्तित्व नहीं हैं। इसी गहन भक्ति के तहत संत रामानुजाचार्य को मां सरस्वती के दर्शन भी प्राप्त हुए थे। सामाजिक परिप्रेक्ष्य से रामानुजाचार्य ने भक्ति को जाति एवं वर्ग से पृथक तथा सभी के लिए संभव माना है।

## चुनाव आयोग की कार्रवाई...

# पूर्व मंत्री समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

### 7 मई को पोते के साथ वोट डालने की वायरल हुई थी तस्वीर







**अनोखा तीर, हरदा।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण यानि 7 मई को हुई वोटिंग के दौरान नाबालिग पोते को पोलिंग बूथ पर ले जाने एवं फोटो क्लिक कराने के मामले में रविवार देर शाम को सिटी कोतवाली में पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल समेत तीन लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार सहायक रिटर्निंग अधिकारी कुमार शानू देवड़िया की शिकायत पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 128, 130, 131 एवं भादवि 188 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह ने बताया कि इस प्रकरण में केंद्र की बीएलओ और करताना के सरकारी स्कूल में पदस्थ शिक्षिका शर्मिला पाटिल को सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं, सेक्टर अधिकारी पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए वरिष्ठ कार्यालय को लिखा गया है। साथ ही मतदान केंद्र पर तैनात पुलिस कर्मचारी तथा संबंधित सेक्टर के पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए भी हरदा एसपी को लिखा गया है। बता दें कि मतदान के चार दिन बाद शनिवार 11 मई की शाम जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओम पटेल एवं संजय जैन ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से पूर्व मंत्री कमल पटेल के आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की गई। जबकि इसके पहले किसान कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष केदार सिरोही अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर पूर्व मंत्री का उनके पोते के साथ मतदान केंद्र पर वोटिंग करने की फोटो अपलोड की थी। वहीं चुनाव आयोग की निष्पक्षता को लेकर सवाल भी खड़े किए थे। जानकारी के अनुसार 7 मई को तीसरे चरण के मतदान के दौरान मुख्यालय के पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में बने मतदान केंद्र पर पूर्व मंत्री कमल पटेल अपने नाबालिग पोते के साथ मतदान केंद्र क्रमांक 107 पर पहुंचे थे। जहां श्री पटेल ने पत्नी के साथ पोलिंग बूथ पर जाकर वोट डाला। उसके कुछ समय बाद ईवीएम के पास पोते के साथ कमल पटेल का फोटो वायरल हुआ था।

# बंद बोतल और पाउच में बेचा जा रहा दूषित पानी

### बाजार में बिकने वाले पानी के पाउच पर नहीं आंकित बेच नम्बर और एक्सपायरी डेट

**अनोखा तीर, सोहागपुर।** क्षेत्र में भीषण गर्मी का दौर जारी है, ऐसे में अपनी प्यास बुझाने के लिए लोगों द्वारा आमतौर पर दुकानों से पानी के पाउच या बंद बोतल पानी का उपयोग किया जाता है। गर्मी आते ही इन पानी के पाउच और बोतलों की बिक्री में एकदम से इजाफा होता है। इसी का फायदा उठाकर कुछ लोगों द्वारा दूषित पानी के पाउच बनाकर और बोतलों में बंद कर बाजार में बेचकर मोटा मुनाफा कमाया जा रहा है। ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले शहरी क्षेत्र सोहागपुर एवं ग्रामीण क्षेत्र शोभापुर और सेमरी हरचंद सहित स्टेट हाईवे 22 पर स्थित कई ढावों पर इस तरह के दूषित पानी के पाउच और बोतलों को बेचा जा रहा है। समय-समय पर अधिकारियों द्वारा इन पानी की बोतलों और पाउच का निरीक्षण किया जाना चाहिए और कमी पाई जाने पर उचित कार्रवाई एवं अर्थदंड दिया जाना चाहिए जो कि नहीं किया जाता है। जिसके कारण लगातार व्यापारियों द्वारा इस प्रकार का माल बेचा जा रहा है और जनता उस पानी को पीकर बीमार हो रही है। पूरा मूल्य देने के बाद भी जनता उस दूषित पानी को पीने को मजबूर है। अधिकारियों से शिकायत करने पर अधिकारियों द्वारा जांच करने का आश्वासन दिया जाता है, जांच भी की जाती है। परंतु उचित कार्यवाही नहीं की जाती और यह खेल ऐसा ही चलता रहता है जो दिनों दिन फल फूल रहा है। पानी की बोतल बाजार में 15 से 20 रुपए में बिकती है जिसमें पानी को प्यूरिफाई और ठंडा करने की बात कही जाती है। परंतु यह पानी कई बार प्यूरिफाई भी नहीं किया जाता, साफ भी नहीं किया जाता और सीधा बोतल में पैक करके उसे मार्केट में सप्लाई कर दिया जाता है। मात्र एक से दो रुपए के खर्चे पर व्यापारियों द्वारा 15 से 20 रुपए खरीददार से ले लिया जाता है। जिसमें इन पानी पाउच कंपनी या बोतल बनाने वाली कंपनी और बेचने वाले व्यापारी





को मोटा मुनाफा होता है। एक और वही पानी पीकर व्यक्ति बीमार हो जाता है इन पाउच बनाने वाली कंपनी के मालिक से बात की गई जिसमें उन्होंने बताया कि यह पानी के पाउच पर कोई भी चीज दिखती नहीं है जिस कारण से इसमें डेट या टेग दिखाई नहीं देती है। अगर डेट को देखना है तो जहां पर पन्नी का जोड़ रहता है उस जगह पर उसको थोड़ा सा हाथ फेरने पर वह जो डेट है वह दिखाई देगी और उनका कहना है कि यह डेट एक दम आसानी से नहीं दिखाई देती है। बाकी डेट उसमें डाली जाती है और अगर हम थोड़ा सा उसे पर हाथ फिरते हैं तो वह हमको आसानी से देखने लगती है। परंतु ऐसा नहीं है जब पानी के पाउच को देखा गया जिसमें डेट धुंधली-धुंधली सी दिखाई दे रही है स्पष्ट नहीं दिखाई दे रही है। इस संबंध में जिला फूड एवं सेफ्टी अधिकारी से बात की गई थी उन्होंने जांच का ऑप्शन दिया। परंतु जांच की यह प्रक्रिया इतनी धीमी है कि सैंपल लेने और उसकी रिपोर्ट आने में 6 महीने या उससे अधिक का समय लग जाता है। उसके बाद रिपोर्ट तैयार होती है और केस फाइल किया जाता है। वहीं लोगों के स्वास्थ्य से जुड़े इतने अधिक संवेदनशील विभाग में जिले में एकमात्र अधिकारी होना भी इस तरह से दूषित पदार्थ बेचने वालों के हौसले बुलंद करता है।

#### इनका कहना है...

समय-समय पर मार्केट में उपस्थित खाद्य पदार्थों की जांच की जाती है। सितंबर 2023 में ग्राम अजनेरी स्थित एक वाटर प्लांट से सैंपल लिए गए थे। जिसकी रिपोर्ट आ गई है उसके खिलाफ इस सप्ताह में एडीएम कोर्ट में केस फाइल कर दिया जाएगा। वहीं पिछले महीने सोहागपुर के न्यू बीकानेर एवं श्री बीकानेर मिष्ठान केंद्र से सैंपल लिए गए थे एवं दुकान पर साफ- सफाई नहीं पाई गई थी। इन दुकानों से लिए सैंपल की रिपोर्ट आने पर उनके खिलाफ भी केस फाइल किया जाएगा।

– **जितेंद्र राणा,** जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी, नर्मदापुरम

### पानी की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू, किसान बोले -

## झूठे आश्वासनों में उलझें भोले-भाले किसान : सांई


### मामला सोनतलाई-झांझरी नहर का

### 4 दिनों से पानी के लिये लगा रहे गुहार

**अनोखा तीर, हरदा।** सोनतलाई, झांझरी नहर में पानी नही पहुंचने के कारण सिंचाईं व्यवस्था से जुड़े किसानों की चिंता कम होने का नाम नही ले रही है। स्थिति यह है कि विगत चार दिनों से पानी की गुहार लगा रहे किसानों को आखिरकार रविवार को अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। धरने के पहले दिन क्षेत्र के कई किसानों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं संबंधित विभाग के अधिकारियों के सारे आश्वासनों को झूठा करार दिया। इसी दिन किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन सांई समेत अन्य पदाधिकारी धरनास्थल पर पहुंचे। उन्होंनें बताया कि किसान पानी के लिये परेशान हो रहे हैं। बीतें चार दिनों से अधिकारियो के आगे गुहार लगा रहे हैं, लेकिन समस्या का



समाधान तो दूर अधिकारी अब सुध भी नही ले रहे हैं। जिसके चलते किसानों में दिनों दिन नाराजगी बढ़ रही है, जो रविवार को अनिश्चितकालीन धरना में तब्दील हुई है। अगर समय रहते सिंचाईं व्यवस्था बहाल नही हुई तो किसान आगे की रणनीति तय करेंगे। सांई ने कहा कि सड़क, पानी समेत अन्य बुनियादी जरूरतों की मांग को लेकर ग्रामीणों ने इस बार चुनाव बहिष्कार का एलान किया था। मगर अधिकारियों ने कोरे आश्वासन देकर किसानों को समझा लिया। किंतु अब जब आश्वासन पर अमल का वक्त आया तो जिम्मेदारों का अता-पता नही है। उधर, किसानों ने कहा कि जब तक नहर में पर्याप्त पानी नही मिलेगा, अनिश्चित कालीन धरना जारी रहेगा। धरनें मे किसान कांग्रेस के उपाध्यक्ष बालकृष्ण यादव, कैलाश यादव, विजय, संजय फुलरे, अंकित मुकाती, राजेश खोदरे, दीपक फुलरे, अंतिम प्रजापति, हरिओम रानवे, महेंद्र फुलरे, शिवनारायण कुल्हारे, धन्नालाल कुल्हारे, पन्नालाल, महाराज सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थिति है



# धार : रंजना-छत्तर जैसे नेता रहे गायब, कांग्रेस के लिए नहीं आया कोई बड़ा नेता

### भाजपा की सावित्री का कांग्रेस के राधेश्याम से मुकाबला

## भाजपा के लिए संघ, कांग्रेस के लिए उमंग मोर्चे पर डटे

**दिनेश निगम `त्यागी'**

**भोपाल।** भाजपा को उम्मीद है कि जिस तरह पार्टी ने विधानसभा में कम सीटें जीतने के बावजूद 2019 में धार लोकसभा सीट का चुनाव जीत लिया था, 2024 में भी यही इतिहास दोहराया जाएगा। भाजपा के पक्ष में प्रचार के लिए 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धार आए थे, इस बार भी आ चुके हैं। मोदी के आने से भाजपा के हौसले बुलंद हैं। हालांकि इस बार राजनीतिक हालात पिछली बार जैसे नहीं हैं। भाजपा ने पिछला चुनाव डेढ़ लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीतने वाले पार्टी के कद्दावर सांसद छत्तर सिंह दरबार का टिकट काट कर पूर्व सांसद सावित्री ठाकुर को दिया है। इसकी वजह से छत्तर नाराज हैं। 11 मई को प्रचार समाप्त होने तक वे कहीं दिखाई नहीं पड़े। क्षेत्र की दूसरी कद्दावर नेता हैं पूर्व मंत्री रंजना बघेल। वे मनावर क्षेत्र से विधायक रही हैं और कुक्षी उनका गृह क्षेत्र है। मोदी जी की सभा को छोड़कर वे भी प्रचार में नहीं दिखाई पड़ीं। बताया गया कि स्वास्थ्य खराब है, इसलिए विश्राम कर रही हैं। भाजपा को इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है। भाजपा की सावित्री का मुकाबला कांग्रेस के राधेश्याम मुवेल से है। सावित्री के लिए भाजपा और संघ ने पूरी ताकत झोंकी है जबकि राधेश्याम के चुनाव की पूरी बागडोर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के हाथ रही है।

#### धार में उमंग ने जगा दी कांग्रेस की उम्मीद

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार धार जिले की गंधवानी सीट से विधायक हैं और लोकसभा चुनाव के प्रभारी भी। उनकी सिफारिश पर ही राधेश्याम को चुनाव लड़ाया गया है। इसलिए सिंघार ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंकी। प्रारंभ में राधेश्याम का टिकट बदले जाने की चर्चा चल पड़ी थी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं में निराशा का भाव था। तब उमंग सक्रिय हुए। कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया और पार्टी के सभी विधायकों को सक्रिय किया। इस तरह धार में उमंग की सक्रियता ने कांग्रेस में उम्मीद जगा दी। क्षेत्र की 8 विधानसभा सीटों में से 5 पर कांग्रेस का कब्जा है। कई सीटें कांग्रेस ने बड़े अंतर से जीती थीं। गंधवानी में कांग्रेस ने 22 हजार और कुक्षी में लगभग 50 हजार वोटों की बढ़त ली थी। भाजपा के पास महू अंबेडकर नगर ही ऐसी सीट है जहां भाजपा की ऊषा ठाकुर लगभग 34 हजार वोटों के अंतर से जीती। शेष 2 सीटों में उसकी जीत का अंतर कम था। बहरहाल, उमंग के साथ सभी विधायकों के सक्रिय होने से भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे का मुकाबला दिखाई पड़ने लगा है।

#### भाजपा के लिए मोदी-मोहन, कांग्रेस से कोई नहीं

प्रचार अभियान की दृष्टि से धार में भाजपा की तुलना में कांग्रेस कमजोर दिखाई पड़ी। भाजपा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आए। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा सहित पार्टी के कई नेताओं ने दौरे किए लेकिन कांग्रेस की ओर से किसी बड़े नेता की सभा नहीं हुई। न राहुल गांधी आए, न प्रियंका और न ही मल्लिकार्जुन खरगे। प्रदेश में पार्टी के बड़े नेता दिग्विजय सिंह और कमलनाथ ने भी प्रचार नहीं किया। धार में दिग्विजय और कमलनाथ समर्थक नेताओं की कमी नहीं है। इसकी वजह यह भी हो सकती है कि इन दोनों नेताओं की उमंग के साथ पटरी नहीं बैठती। दिग्विजय के खिलाफ उमंग कई गंभीर आरोप तक लगा चुके हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी जरूर नामांकन दाखिल कराने धार आए थे। तब उनके साथ पार्टी के सभी नेताओं, विधायकों ने एकजुटता दिखाई थी। साफ है कि धार में कांग्रेस ने उमंग की अगुवाई में चुनाव लड़ा और पार्टी के अन्य विधायकों ने उनका साथ दिया। कांग्रेस यहां मुकाबले में भी है।

#### भील, भिलाला समाज बना कांग्रेस की ताकत

आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित धार लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस की ताकत है भील और भिलाला समाज। इन दो समाजों की क्षेत्र में बहुलता है। इनकी बदौलत ही कांग्रेस विधानसभा की ज्यादा सीटें जीत जाती है। यदि लोकसभा चुनाव में भी यह कांग्रेस के पक्ष में रहे तो भाजपा के सामने मुसीबत आ सकती है। हालांकि कई जगह भील-भिलाला समाज साथ नहीं जाता। जैसे रतलाम-झाबुआ सीट में भील कांग्रेस के साथ है और भिलाला भाजपा के साथ। धार में पाटीदार, सिरवी, जाट और ब्राह्मण समाज भी बड़ी तादाद में है। यह भाजपा के पक्ष में दिखाई पड़ता है। समस्या यह है कि कांग्रेस आर्थिक तंगी की शिकार दिखती है जबकि भाजपा के पास धन की कोई कमी नहीं है। इससे भी प्रचार में भाजपा आगे है।

#### चुनावी सीन से नदारद आदिवासी संगठन जयस

आदिवासी संगठन जयस धार सहित आसपास के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में बड़ी ताकत है। जयस के हीरालाल आलावा कांग्रेस से विधायक हैं। बावजूद इसके इस चुनाव में जयस सीन से गायब दिख रहा है। जयस में उसी तरह टूट-फूट देखने को मिली है जैसे कभी गोंगपा में हुई थी। एक नेता लाल सिंह वर्मन खुद को जयस का प्रदेश अध्यक्ष कहते हैं और आम आदमी पार्टी से विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। वर्मन अब भाजपा में हैं। डॉ आनंद राय भी खुद को जयस के एक गुट का नेता कहते रहे हैं। बहरहाल, गुट कितने भी क्यों न हों लेकिन कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा चुनाव जीते हीरालाल आलावा ही चुनाव प्रचार में कहीं दिखाई नहीं पड़े। कांग्रेस को जयस से जो उम्मीद थी, चुनाव प्रचार के दौरान वह पूरी होती दिखाई नहीं पड़ी। कांग्रेस प्रत्याशी राधेश्याम मुवेल खुद एक आदिवासी संगठन के प्रमुख हैं। वे आदिवासी युवाओं के बीच ज्यादा सक्रिय रहते हैं।